
लखनऊ, सोमवार, 10 अप्रैल 2023 | Email: starexpressnews@gmail.com | वर्ष : 16 अंक : 47 | पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया

हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सीएम की गाड़ी के आगे आई नील गाय, बाल-बाल बचे हुड्डा

(एजेंसी) हिसार। विश्व महिला बाक्सिंग चौंपियनशिप की विजेता स्वीटी बुरा के सम्मान समारोह में जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कार बरवाला के गांव मतलौदा में नील गाय सामने आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सामने बरवाला के गांव मतलौदा में नील गाय आने से दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में पूर्व सीएम की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रसत हो गई। गाड़ी के नील गाय से टकराते ही एयरबैग खुल गए जिससे हुड्डा बाल-बाल बच गए। हादसा गांव मतलौडा के पास हुआ। बाद में उन्हें दूसरी गाड़ी से आगे रवाना किया गया। स्वीटी ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित बॉक्सिंग चौंपियनशिप में 81 किलोभार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। स्वीटी मैडल जीतने के बाद पहली बार हिसार आ रही है और उसके पैतृक गांव घिराय में ग्रामीण स्वागत करेंगे। बॉक्सर स्वीटी बूरा भारतीय कबड्डी टीम के कैप्टन दीपक के साथ विवाहित है। दीपक मूल रूप से रोहतक के रहने वाले हैं।

### केरल में बिशप के यहां जाने पर कांग्रेस ने की भाजपा नेताओं की आलोचना

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन भगवा पार्टी के कई नेताओं द्वारा बिशप से मिलने और ईस्टर की बधाई देने के बाद भाजपा पर जमकर निशाना साधा। सतीशन ने एक बयान में कहा, बीजेपी उत्तर भारतीय राज्यों में ईसाइयों पर हमला कर रही है और यहां उन्हें खुश करने का प्रयास कर दोहरापन कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के भाजपा नेता और राज्य के मंत्री मुनिरत्न ने ईसाइयों पर हमला करने और उन्हें पीटने का आह्वान किया था। सतीशन ने कहा कि मंत्री ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में यहां तक कहा था कि ईसाई धर्म परिवर्तन के प्रयास में लोगों के घरों में जा रहे हैं। वरिष्ठ नेता ने कहा कि देश भर में ईसाइयों के प्रति भाजपा का रवैया वही है, जो मुनिरत्ना ने सार्वजनिक रूप से कहा था। सतीशन ने कहा, चार वर्षों में लगभग 600 चचरें पर हमला किया गया और क्रिसमस समारोह को भी बाधित किया गया। ईसाई पादरियों सहित कई लोग देश भर की विभिन्न जेलों में हैं, यहां तक कि महिलाओं पर भी हमला किया गया।

### आईएमए ने डॉक्टर और मरीज के गिरते संबंधों पर जताई चिंता

(एजेंसी) चंडीगढ। डॉक्टर और मरीज के बीच के संबंध तनाव एवं अविश्वास से भर गए हैं। मरीज के जो हाथ पहले डॉक्टर के प्रति दुआ में उठते थे, अब मारपीट करने के उठ रहे हैं। इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। यह बातें रविवार को चंडीगढ़ में आईएमए कांप्लेक्स में आईएमए-एएमएस के राष्ट्रीय, उत्तर क्षेत्र सम्मेलन में शामिल डॉक्टरों ने कही। सीनियर मेडिको लीगल कंसलटेंट डॉक्टर नीरज नागपाल ने मरीज और डॉक्टर के बीच गिरते स्तर पर डॉ महेंद्र कौशल व डॉ रामेश्वर गुप्ता की मौजूदगी में व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि मरीज डॉक्टर के पास आता है तो वह बहुत ही दर्द एवं निराशाजनक स्थिति में होता है और उसकी डॉक्टर से बहुत अपेक्षाएं रहती हैं। ऐसे में आवश्यक है कि डॉक्टर स्वयं अपने व्यक्तित्व को भी देखे एवं मरीज की स्थिति और मनोविज्ञान को समझते हुए न केवल दवाई दे बल्कि उसके मन को भी स्वस्थ करते हुए उसके अंदर आशा का संचार करे ।इस सम्मेलन में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, यूपी, एमपी, उत्तराखंड और दिल्ली के डॉक्टरों ने भाग लिया।

# धन के अभाव में न रुके किसी का इलाज : योगी

## जेल में कुख्यातों को वीआईपी सुविधा देने वाले अधिकारियों पर योगी सख्त, बढ़ाई निगरानी...11 जेल खंगालेंगे 5 आईपीएस

(संवाददाता)

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जेलों में निगरानी बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में जेल में तैनात किए गए पांच आईपीएस अधिकारियों को चित्रकूट व बांदा समेत 10 जेलों का निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ताकि चित्रकूट व बरेली जेलों में सेंधमारी की घटनाओं और कुख्यातों पर नकेल कसी जाए। उनकी निगरानी के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। माफिया मुख्तार अंसारी बांदा जेल में बंद हैं। जिसके चलते बांदा जेल को सर्वाधिक संवेदनशील जेलों में एक माना जा रहा है।यूपी में पिछले काफी समय से जेलों में अपराधियों को सुख



सुविधाएं मिलने के कई मामले सामने आए हैं। जिसके बाद कारागार प्रशासन पर बड़े सवाल उठे थे। इसकी बड़ी उदाहरण माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी व बरेली जेल में माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफको सुविधाएं दिए जाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐसी घटनाओं पर बेहद सख्त हैं। सीएम के निर्देश पर दोषी जेल अधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। योगी के निर्देश पर ही कारागार विभाग में एसपी स्तर के पांच आइपीएस अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसी कड़ी में डीजी जेल एसएन साबत ने आइपीएस अधिकारियों से 10 दिनों में निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्हें स्थानीय प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से भी फीड बैक लेने के निर्देश दिए गए हैं। डीजी जेल ने बीते दिनों कारागार विभाग में तैनात किए गए एसपी शिवहरि मीना को जिला जेल नैनी व चित्रकूट, सुभाष चन्द्र शाक्य को जिला जेल जौनपुर व आजमगढ़, हिमांशु कुमार को केंद्रीय व जिला जेल वाराणसी तथा जिला जेल सोनभद्र, राजेश कुमार श्रीवास्तव को जिला जेल बलिया व मऊ तथा हेमंत कुटियाल को जिला जेल फतेहपुर व बांदा के निरीक्षण का जिम्मा सौंपा है। वहीं, पांच आइपीएस अधिकारी 12 अप्रैल तक जेलों का निरीक्षण कर उसकी रिपोर्ट कारागार मुख्यालय को उपलब्ध कराएंगे।

जबकि 10 दिनों में विस्तृत रिपोर्ट देंगे। डीजी जेल ने जेलों के निरीक्षण के दौरान भीतर की कार्यप्रणाली के साथ संभावित अनियमितताओं, अवांछित गतिविधियों व अन्य गड़बड़ी की संभावनाओं का विश्लेषण भी करेंगे। जनता दर्शन में अधिकारियों को जमीन की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। इलाज के लिए धन की मांग लेकर आए लोगों पर विशेष ध्यान देने को कहा। अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चिच करें कि किसी भी व्यक्ति का इलाज धन के अभाव में रुकने न पाए। इसी तरह जनता दर्शन में एक महिला ने हृदय रोग से पीड़ित पति के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार मुख्यमंत्री से लगाई। मुख्यमंत्री ने अब तक हुए व चल रहे उपचार की जानकारी ली और महिला से कहा कि आप पति को एडमिट कराइए, इलाज के लिए धन की व्यवस्था सरकार करेगी। उन्होंने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए।

## शरजील इमाम की जमानत अर्जी पर आज सुनवाई करेगी दिल्ली हाईकोर्ट, राजद्रोह केस से जुड़ा है मामला

(एजेंसी)

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय 2020 में शहर में हुए दंगे के एक मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र शरजील इमाम की जमानत अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। शरजील पर राजद्रोह का आरोप है। यह याचिका न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ के सामने सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इसमें निचली अदालत के 24 जनवरी 2022 के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत इमाम की जमानत अर्जी खारिज कर दी गई थी। उच्च न्यायालय ने 30 जनवरी को दिल्ली पुलिस से जानना चाहा था कि क्या शरजील की जमानत अर्जी 'निर्णय के लिए निचली अदालत के पास भेजी जा सकती है, क्योंकि इस राहत की मांग को खारिज करने संबंधी निचली अदालत के आदेश में उसका आधार नहीं बताया गया है। पीठ ने कहा था कि चूंकि, उच्चतम न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-124 ए (राजद्रोह) पर रोक लगा रखी है, ऐसे में शरजील के खिलाफ लगाई गई अन्य धाराओं को दिमाग में रखते हुए निचली अदालत के जमानत अर्जी खारिज किए जाने के आदेश का परीक्षण करना होगा।

निचली अदालत ने पिछले साल शरजील पर आईपीसी की धारा 124 ए (राजद्रोह), 153 ए(वैमनस्य फैलाना), 153 बी (राष्ट्रीय एकता के लिए खतरनाक अवांछनीय हरकत), 505 (सामाजिक शांति भंग करने वाले बयान) तथा गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13 (अवैध गतिविधि के लिए दंड) के तहत आरोप तय किए थे।

## भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता पूरी दुनिया के लिए गर्व की बात : मोदी

(एजेंसी)

मैसूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता न केवल देश के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व की बात है। देश ने न केवल बाघों को बचाया है बल्कि उन्हें फलने-फूलने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रदान किया है। प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर मैसूर में एक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बाघों की बढ़ती संख्या पर ध्यान देते हुए कहा कि यह गर्व का क्षण है। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर, इस दौरान करीब 75 फीसदी बाघ भारत में हैं। 10 से 12 साल की अवधि में बाघों की आबादी



में 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वन्यजीव प्रेमियों को आश्चर्य होता है कि जब अन्य जगहों पर बाघों की संख्या स्थिर रही या घट गई तो भारत में इनकी संख्या तेजी से कैसे बढ़ रही है। यह प्रकृति के प्रति भारतीयों की श्रद्धा के कारण है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हम इकॉलोजी और इकोनॉमी को संघर्ष के रूप में नहीं देख रहे हैं और सह-अस्तित्व को महत्व देते हैं। समाज ने बाघों के साथ हजारों साल का इतिहास साझा किया है। मध्य प्रदेश में 10,000 साल पुरानी रॉक कला में बाघों के चित्र हैं। मध्य भारत के समुदायों के लोगों ने बाघों की पूजा की और कई अन्य लोग उन्हें अपने परिवार के रूप में मानते थे।

बाघ मां दुर्गा और अय्यप्पा (हिंदू देवताओं) के लिए परिवहन का एक साधन है। भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां प्रकृति की रक्षा करना संस्कृति का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने समझाया कि यही कारण है कि वन्यजीव संरक्षण में अनूठी उपलब्धि संभव है। दुनिया में केवल 2.4 प्रतिशत भूमि क्षेत्र ज्ञात वैश्विक विविधता का 8 प्रतिशत योगदान देता है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा टाइगर रेंज देश है। लगभग 30,000 हाथियों के साथ हम दुनिया में सबसे बड़े एशियाई हाथी देश हैं। 3,000 की हमारी गैंडों की आबादी हमें दुनिया के सबसे बड़े एक सींग वाले गैंडों का घर बनाती है।

हम एशियाई शेरों वाले एकमात्र देश हैं। वे 2015 में 525 और 2020 में 675 थे। चार साल में तेंदुओं की संख्या में 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, वे वन्यजीव संरक्षण में मुख्यमंत्री के रूप में अपने गुजरात के अनुभव का उपयोग कर रहे हैं। बड़ी बिल्लियों (बड़े बाघों) की संख्या में वृद्धि बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करती है और स्थानीय अर्थव्यवस्था में मदद करती है।

## दिल्ली के मेयर चुनाव की तारीख आई सामने

### अब 26 अप्रैल चुना जाएगा महापौर, भाजपा आप पार्षदों ने पिछली बार किया था जमकर हंगामा

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में महापौर के चुनाव की नई तारीख सामने आ गई है। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने पिछली बार हंगामे के कारण चुनाव नहीं होने दिया था। वहीं अब आप नेता सौरभ भारद्वाज ने चुनाव की तारीख का ऐलान किया है। दिल्ली में महापौर का चुनाव 26 अप्रैल को होगा। इसका ऐलान आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने किया है। हर वर्ष मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव किया जाता है, जो कि इस वर्ष 26 अप्रैल को होगा। अप्रैल के महीने में कानून के मुताबिक ही महापौर और उपमहापौर के लिए चुनाव किया जाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार चुनाव का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। वहीं अगर उपराज्यपाल के कार्यालय से नियमों और कानून का पालन किया जाएगा तो चुनाव आराम से हो सकते है। उन्होंने कहा कि पिछली बार जिस तरह से चुनाव हुए वो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। जिस तरह से उपराज्यपाल ने प्रोटम स्पीकर बनाया उसने काफी दिक्कतें पैदा की।

सदन में नियमों की अवहेलना की गई, एल्डरमैन से संविधान के नियमों के विरुद्ध जाते हुए वोट डलवाए जाने की कोशिश की गई, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट को दखल देकर इसका विरोध करना पड़ा और फटकार लगानी पड़ी। कोर्ट ने भी कहा था कि नियमों की अवहेलना करना गलत है। ऐसे में इस बार चुनाव सही से कराए जाने पर जोर देना चाहिए। बता दें कि ये संभावना है कि इस बार उपमहापौर को ही प्रोटम मेयर बनाया जा सकता है। वहीं उनके उपर जिम्मेदारी होगी की वो महापौर का चुनाव करवाए। इसके बाद नया मेयर बनने के बाद उसके ऊपर जिम्मेदारी होगी कि उपमहापौर और अन्य चुनाव कराए जा सकते है।

गौरतलब है कि वर्तमान में स्टेंडिंग कमेटी के चुनाव का मामला वर्तमान में कोर्ट में है। ऐसे में उम्मीद है कि कमेटी के चुनाव के मामले में नतीजा जल्दी निकले। उम्मीदवार तय नहीं वहीं आम आदमी पार्टी की ओर से अब तक महापौर, उपमहापौर समेत अन्य चुनावों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गई है।




### चरणजीत अटवाल के बेटे और अकाली दल के पूर्व विधायक इंदर इकबाल सिंह अटवाल भाजपा में हुए शामिल

नयी दिल्ली शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता और पूर्व विधायक इंदर इकबाल सिंह अटवाल रविवार को नयी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। सूत्रों ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में उनका प्रेरण समारोह आयोजित किया गया था। इंदर इकबाल सिंह अटवाल पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह अटवाल के पुत्र हैं। इससे पहले शनिवार को भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल सी राजगोपालाचारी के प्रपौत्र सीआर केसवन बीजेपी में शामिल हो गए।

## पीएम मुद्रा योजना पर पी चिदंबरम ने खड़े किए सवाल, कहा, इतनी कम राशि में कौन-सा कारोबार हो पाएगा

(एजेंसी)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आठ साल पूरे होने के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि इस योजना के तहत दिए गए 83 प्रतिशत कर्ज की राशि 50,000 रुपए से कम है, ऐसे में वह हैरान हैं कि आज के समय में इतनी कम धनराशि में किस तरह का कारोबार किया जा सकता है। बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने मुद्रा योजना के तहत 40.82 करोड़ लाभार्थियों को 23.2 लाख करोड़ रुपए के कर्ज बांटे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ अप्रैल 2015 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) की शुरुआत की थी, जिसके तहत गैर-कॉरपोरेट, गैर-कृषि क्षेत्र के लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को 10 लाख रुपए तक के आसान जमानत-मुक्त ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा कि मुद्रा योजना के तहत आठ साल में कुल 23.2 लाख करोड़ रुपए के कर्ज दिए गए, जो कि ''शानदार है, लेकिन तभी तक जब तक कि आप यह नहीं जान लेते कि इसमें से 83 फीसदी कर्ज 50,000 रुपए से कम का है। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा, ''इसका मतलब है कि 19,25,600 रुपए का कर्ज कर्जदारों को 50,000 रुपए या उससे कम राशि का दिया गया है। मैं हैरान हूं कि आज के दौर में 50,000 रुपए के ऋण के साथ किस तरह का कारोबार किया जा सकता है।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा था कि पीएमएमवाई के अंतर्गत ऋणदाता संस्थाएं (एमएलआई)-बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), सूक्ष्म-वित्तीय संस्थान (एमएफआई) और अन्य वित्तीय मध्यस्थ कर्ज प्रदान करते हैं।

## दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने शुरु किया डिग्री दिखाओ अभियान, आतिशी ने मीडिया के सामने दिखाई अपनी डिग्री

### ❑ आईआईटी की डिग्री लेकर भी कुछ लोग अशिक्षित रह जाते हैं, दिल्ली के उपराज्यपाल का सीएम केजरीवाल पर हमला

(एजेंसी) नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी ने बताया कि मैंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री हासिल की है। ऑक्सफोर्ड से दो मास्टर डिग्री की है। उन्होंने बताया कि उनके पास कुल तीन डिग्रिया हैं। मेरी सभी डिग्रियां ओरिजिनल है। मैं आज सब नेताओं से अपील करना चाहती हूं कि सब लोग अपनी डिग्री दिखाएं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने नौ अप्रैल यानी रविवार से डिग्री दिखाओ अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी साझा की है। आतिशी का कहना है कि हम एक नए अभियान की शुरुआत कर रहे है। इसमें आम आदमी पार्टी का हर नेता रोजाना अपनी डिग्री सभी के सामने पेश करेगा और दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री हासिल की है। ऑक्सफोर्ड से दो मास्टर डिग्री की है। उन्होंने बताया कि उनके पास कुल तीन डिग्रिया हैं। मेरी सभी डिग्रियां ओरिजिनल है। मैं आज सब नेताओं से अपील करना चाहती हूं



कि सब लोग अपनी डिग्री दिखाएं। उन्होंने बीजेपी के नेताओं से खास अपील करते हुए कहा कि वो भी अपनी डिग्री दिखाएं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में आम आदमी पार्टी के सभी नेता अपनी डिग्री सभी के सामने पेश करेंगे। इसके बाद हमारी अपील बीजेपी से भी होगी कि वो भी अपनी डिग्रियां जनता के सामने लेकर आए। बता दें कि वर्तमान में आतिशी दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री हैं जो कि मनीष सिसोदिया के जेल में जाने के बाद से इस पद को संभाल रही है। उन्होंने ही शिडग्री दिखाओश् कैंपेन की शुरुआत की। बता दें कि ये अभियान आम आदमी पार्टी द्वारा पीएम मोदी की डिग्री को लेकर शुरु हुए विवाद के बाद शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योग्यता पर जेल में बंद मनीष सिसोदिया भी सवाल उठा चुके है। वहीं दिल्ली सरकार के बयान पर पलटवार करते हुए खुद दिल्ली के उपराज्यपाल भी जवाब दे चुके है। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग आईआईटी से डिग्री लेने के बाद भी अशिक्षित रह जाते है। उन्होंने कहा कि कोई डिग्री मिलने पर कोई अहम या गुमान नहीं होना चाहिए। डिग्री पढ़ाई की रसीद है जबकि शिक्षा व्यक्ति के आदर्श दर्शाती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर सवाल उठा रहे हैं। इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंन केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग आईआईटी से डिग्री लेने के बाद भी अशिक्षित रह जाते हैं। एलजी ने आगे कहा कि डिग्री पर किसी को गुमान नहीं करना चाहिए। डिग्रियां तो पढ़ाई की रसीद होती हैं। शिक्षा तो वह है जो इंसान का आदर्श दर्शाती है। दरअसल, उपराज्यपाल से पूछा गया था कि आम आदमी पार्टी लगातार प्रधानमंत्री की डिग्री को लेकर सवाल खड़े कर रही है। इस सवाल के जवाब में एलजी ने कहा कि हां मैंने भी सुना है कि विधानसभा सभा में कुछ बातें कहीं हैं, लेकिन अपनी डिग्री पर कभी किसी को गुमान नहीं करना चाहिए. डिग्रियां तो पढ़ाई के खर्च की रसीदें होती हैं।

## कौमी इंसाफ मोर्चे में खूनी झड़प के दौरान एक निहंग का हाथ काटा



(एजेंसी)

मोहाली। कौमी इंसाफमोर्चे के प्रदर्शन में चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर रविवार को खूनी झड़प हुई। इसमें निहंगों के दो ग्रुप आपस में भिड़ गए। जिसमें एक निहंग सिंह का हाट काट दिया गया। उसे मोहाली के 6 फेज स्थित सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार देकर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है।

निहंगों के बीच हुई झड़प में बब्बर सिंह चांडी (बाबा आमना ग्रुप) नाम का एक निहंग गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका हाथ काट दिया गया।

CMYK

## संपादकीय

# इतिहास का उपहास

सत्ताधीशों द्वारा अपनी सुविधा के हिसाब से इतिहास की व्याख्या करने का शगल पुराना है। कमोबेश देश-दुनिया में हर राजनीतिक दल द्वारा कोशिश की जाती रही है कि इतिहास के पन्नों में उसका राजनीतिक विमर्श प्रभावी हो। जबकि यह भी एक हकीकत है कि ऐसी कोशिशें तात्कालिक लाभ भले ही दे जाएं, लेकिन ऐसे प्रयास न दीर्घकालिक होते हैं और न उन्हें सर्व-स्वीकार्यता ही मिलती है। सत्ता परिवर्तन के बाद उसे बदलने की कवायदें भी सामने आती हैं। राजाश्रय में नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग यानी एनसीईआरटी द्वारा बारहवीं कक्षा के इतिहास, नागरिक शास्त्र तथा हिंदी के पाठ्यक्रम में बदलाव की कोशिशों को इसी नजरिये से देखा जा रहा है। खासकर इतिहास की किताबों से मुगल साम्राज्य से जुड़ा चौप्टर हटाया गया है। वहीं हिंदी की किताब से कुछ कविताएं व पैराग्राफ हटाये गये हैं। हालांकि, एनसीईआरटी का कहना है कि तार्किक प्रक्रिया के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। इसके लिये एक साल पहले विशेषज्ञ समिति बनायी गई थी, उसकी सलाह पर कुछ पाठ हटाये गये हैं। छात्रों का बोझ कम करने का प्रयास किया है तो कहीं कुछ पाठों में दोहराव को हटाया गया है। केवल इतिहास ही नहीं, हर विषय का पाठ्यक्रम कम किया गया है। जिसकी पहल कोरोना काल में पढ़ाई न होने पर छात्रों का बोझ कम करने के रूप में हुई थी । दरअसल, मध्यकालीन पाठ्यक्रम से मुगलों के इतिहास से जुड़े 'द मुगल कोर्ट' और 'किंग्स एंड क्रॉनिकल्स' नामक दो पाठ हटाये गये हैं। वहीं राजनीति शास्त्र की किताब से आजादी के बाद एक दल के प्रभुत्व वाले पाठ को हटाया गया है। ग्यारहवीं की किताब से 'सेंट्रल इस्लामिक लैंड' और 'कान्फ्रन्टेशन ऑफ कल्चर्स' पाठ हटाये गये हैं। वहीं 'जन आंदोलन का उदय' और 'एक दल के प्रभुत्व का दौर' पाठ भी हटाया गया है। जिसमें कांग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति, सोशलिस्ट, वाम दलों तथा जनसंघ संबंधी पाठों को हटाया गया है। वहीं दूसरी ओर हिंदी से जुड़ी कुछ साहित्यिक रचनाओं को भी हटाया गया है। बारहवीं, ग्यारहवीं व दसवीं के पाठ्यक्रम में बदलाव के साथ ही यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। एनसीईआरटी की दलील है कि यह युक्तिसंगत सिलेबस बिना भेदभाव के तैयार किया गया है और आगामी शैक्षिक सत्र में लागू होगा। बहरहाल, इस मुद्दे पर देशव्यापी बहस शुरू हो गई। राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी,लेकिन शिक्षाविदों, इतिहासकारों तथा बुद्धिजीवियों की प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। सवाल उठाया जा रहा है कि एक कालखंड को पाठ्यक्रम से हटाने से इतिहास में एक शून्यकाल नजर आयेगा। उस कालखंड के बारे में नई पीढ़ी को क्या बताया जायेगा? यदि कल छात्र ताजमहल व कुतुबमीनार आदि मुगलकालीन स्थापत्य के बारे में पूछेंगे तो निर्माता के बारे में क्या बताया जायेगा? दलील दी जा रही है कि निस्संदेह, मुगल हमलावर थे। सत्ता के संघर्ष में टकराव स्वाभाविक है, लेकिन मुगल भारत के रीति-रिवाजों में रमकर यहीं के होकर रह गये। वे अंग्रेजों की तरह सब कुछ लेकर नहीं गये। कुछ बुद्धिजीवियों का मानना है कि भले ही मुगलकाल हिंसा, दमन व लूट का दौर रहा हो, लेकिन उस कालखंड की विसंगतियों से सबक जरूर लेना चाहिए। यह भी कि संप्रदाय विशेष की दृष्टि से इतिहास को नहीं देखा जाना चाहिए। वहीं सरकार पक्ष के विचारकों की दलील है कि हम इतिहास को नहीं बदल रहे हैं वरन मुगलकाल के महिमामंडन से परहेज किया गया है। छात्रों को तर्कसंगत व न्यायसंगत ज्ञान ही दिया जाना चाहिए। उनकी दलील है कि कथित प्रगतिशील व वाम दृष्टि से लिखा गया इतिहास वास्तविकता को उजागर नहीं करता। वे इतिहास लेखन में भारतीय दृष्टिकोण के पक्षधर हैं। यह भी कि वे मुगलकालीन स्थापत्य कलाओं का सम्मान करते हैं। निस्संदेह, किसी भी तरह के बदलाव में समाज के हर वर्ग के अहसासों का ध्यान रखना जरूरी है।

# चीन की नामकरण रणनीति

भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थलों के नाम बदलने के लिए चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। इसमें दो रिहायशी इलाके हैं, पांच पर्वतों की चोटियां हैं, दो नदियां हैं और दो अन्य इलाकध्े हैं। अरुणाचल प्रदेश के इन इलाकों के लिए चीनी, तिब्बती और पिनयिन नामों का तीसरा सेट जारी हाल ही में चीन द्वारा जारी किया था। चीन, अरुणाचल प्रदेश में 90 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना दावा करता है और नाम बदलने की यह चाल सीधे तौर पर भारतीय अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी की एक और नापाक कोशिश है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की कैबिनेट की स्टेट काउंसिल के नियमों के तहत इन नामों को बदला गया है। चीन के विशेषज्ञ इसे कानूनी तौर पर सही ठहरा रहे हैं। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने दक्षिण-पश्चिमी चीन के शिजांग स्वायत्त क्षेत्रश् में इन नामों को बदला है। चीन के अखबार में जिसे दक्षिण-पश्चिम शिजांग स्वायत्त क्षेत्र बताया गया है, वह दरअसल अरुणाचल प्रदेश है। गौरतलब है कि चीन ने 1962 में भारत के साथ युद्ध में अरुणाचल प्रदेश के आधे से भी ज्यादा हिस्से पर कध्ब्जा कर लिया था। इसके बाद चीन ने एकतरफा युद्धविराम घोषित किया और चीन की सेना मैकमोहन रेखा के पीछे लौट गई। मैकमोहन रेखा ही भारत और तिब्बत के बीच सीमाओं का निर्धारण करती है। ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में ब्रिटेन के प्रशासक सर हेनरी मैकमोहन और तत्कालीन तिब्बत की सरकार के प्रतिनिधि ने शिमला पर हस्ताक्षर कर इस सीमा रेखा को तय किया था। मैकमोहन रेखा को दिखाने वाला नक्शा पहली बार वर्ष 1938 में ही आधिकारिक तौर पर प्रकाशित किया गया था। लेकिन चीन-शिमला समझौते को ये कहकर खारिज करता रहा कि तिब्बत पर चीन का अधिकार है और तिब्बत की सरकार के किसी प्रतिनिधि के हस्ताक्षर वाले समझौते को वो स्वीकार नहीं करेगा। चीन अरुणाचल प्रदेश को भी श्दक्षिणी तिब्बत का इलाकघश् बताता आया है और तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से लेकर भारतीय प्रधानमंत्रियों के अरुणाचल दौरे पर आपत्ति जताता रहा है। भारत के इस पूर्वोत्तर राज्य पर अब नाम बदलने कर हक दिखाने की कोशिश चीन ने की है। अपने इस पड़ोसी राज्य की हरकत पर भारत के विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है कि श्हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं। ये पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह का प्रयास किया है। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा है और हमेशा भारत का अभिन्न अंग बना रहेगा। नए नाम रखने के प्रयासों से ये सच्चाई नहीं बदलेगी।श् किसी भी स्वायत्त, सम्प्रभु राज्य की सीमा में अगर कोई अतिक्रमण करे या उसके स्थलों के नाम बदले तो यही स्वाभाविक प्रतिक्रिया होनी चाहिए, जो भारत ने प्रकट की। सवाल ये है कि यही प्रतिक्रिया भारत कितने बार और कब तक देने का इरादा रखता है। दरअसल चीन ने पहली बार साल 2017 में छह जगहों के और फिर 2021 में 21 जगहों के नामों को अपने हिसाब से बदला था। तब भी भारत के विदेश मंत्रालय ने इसी तरह की प्रतिक्रिया दी थी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। ऐसे जवाब के बाद भी चीन अगर छह साल में तीन बार नाम बदलने की कोशिश करे, तो इसका अर्थ यही है कि या तो वह भारत के जवाब को सुन नहीं रहा है, या सुनने के बावजूद उसे मान नहीं रहा है। नाम बदलने के अलावा भारतीय इलाकों में घुसपैठ की कोशिश भी चीन करता रहा है, गलवान के जख्म इसके गवाह हैं। चीन की इस अतिक्रमणकारी नीति और विस्तारवादी एजेंडे से भारत को सख्ती से निपटना होगा। लेकिन इसकी शुरुआत तभी होगी, जब सरकार इस तथ्य को स्वीकार करेगी कि चीन हमारी सीमाओं में घुसपैठ कर रहा है। अभी तो सरकार इसे नकारने की मुद्रा में ही दिखती है। प्रधानमंत्री ने अब तक चीन का नाम लेकर आलोचना नहीं की। इंडोनेशिया में शिष्टाचार के नाते अगर प्रधानमंत्री मोदी खुद उठकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हाथ मिलाने पहुंच गए, तब भी उन्हें ये सख्त संदेश देना चाहिए था कि शिष्टाचार और नैतिकता का अर्थ हमारी कमजोरी न समझा जाए। गलवान के बाद कई सैटेलाइट तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें बताया जाता है कि अरुणाचल प्रदेश के नजदीक चीन पूरी बसाहट का इंतजाम कर रहा है।

# हनुमान जी-साहस, शौर्य और समर्पण के प्रतीक

**प्रियंका सौरभ**

हनुमान, जिन्होंने सीता देवी को दिखाने के लिए अपना हृदय खोल दिया कि भगवान राम और वह उनके हृदय में निवास करते हैं और उन्हें उनसे उपहार के रूप में मोतियों के हार की आवश्यकता नहीं है, ऐसे अद्भुत समर्पण और बलिदान की आज कल्पना भी नहीं की जा सकती . लेकिन भगवान अपने अनुयायियों की भक्ति के लिए ही पीछे हटते हैं। हनुमान की पूजा सभी लोग विशेष रूप से करते हैं जो खेल और कठिन योगाभ्यास में लगे हुए हैं। हनुमान की तरह, हमें अपने मन, बुद्धि को अपनी आत्मा के नियंत्रण में लाकर, अपने स्वामी (हमारे सच्चे स्व, आत्मान) की सेवा करने का प्रयास करना चाहिए। हनुमान सबसे लोकप्रिय हिंदू देवताओं में से एक हैं। वह सेवा (सेवा), भक्ति (भक्ति) और समर्पण (समर्पण, अहंकारहीनता) का अवतार है। वह शिव के अवतार हैं। उन्हें अंजनी देवी के पुत्र पवन-देवता (मरुता) का पुत्र भी माना जाता है। उनकी ठुड्डी ऊंची है (इसलिए हनुमान नाम) और बंदर की तरह लंबी पूंछ है। शारीरिक विशेषताओं में वह अमानवीय दिखता है, लेकिन उसके गुण दैवीयध्महामानव हैं, जो हम सभी की आकांक्षा रखते हैं। वह जबरदस्त शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति, साहस और वीरता (इसलिए नाम महावीर), निर्भयता, राम और सीता के प्रति समर्पण, (इसलिए नाम राम-दास, राम-दूत आदि) उच्च बुद्धि, सत्य भाषण, ज्ञान के सागर से संपन्न है। ज्ञान और अन्य अच्छे गुण। वह अपनी सभी इंद्रियों के पूर्ण नियंत्रण में है। एक पात्र जो पूर्ण भक्ति और निष्ठा का प्रतीक है, वह है हनुमान जी। भगवान राम के लिए उनके सभी कार्यों में भगवान हनुमान के माध्यम से स्थापित एक काव्यात्मक सौंदर्य है। हनुमान जी पूरे हिंदू पौराणिक कथाओं में अपने साहस, वीरता और समर्पण के लिए सबसे प्रसिद्ध हैं। हनुमान कैसे अस्तित्व में आए, इसकी



कहानी के कई अलग-अलग संस्करण हैं। हनुमान भगवान वायु और अंजना के पुत्र थे। हनुमान स्वभाव से एक जिज्ञासु बालक थे, एक दिन उनकी भूख ने उन पर काबू पा लिया और वे सूर्य को फल समझकर उनका पीछा करने लगे। भगवान सूर्य अपने रथ पर सवार हो गए और तेजी से चले गए लेकिन हनुमान को रोका नहीं गया, इसलिए भगवान इंद्र को हनुमान को रोकने के लिए अपने वज्र का उपयोग करना पड़ा। यह सुनकर भगवान वायु क्रोधित हो गए और सभी देवताओं के साथ इस मुद्दे को उठाया और उन्होंने हनुमानजी को अमरत्व का आशीर्वाद देने के लिए स्वीकार किया। लेकिन हनुमान की शरारत उनकी लंबी पूंछ की तरह ही थी। यह चलता चला गया और इसका कोई अंत नहीं था, इसलिए देवताओं ने इसका अंत करने का फैसला किया। उन्होंने उसे ऐसा श्राप दिया कि वह भूल जाएगा कि उसके पास इतनी बड़ी शक्तियां थीं। यह महाकाव्य रामायण में देखा जा सकता है जब जाम्बवान उसे याद दिलाते हैं कि उसके पास विशाल होने और आकार में सिकुड़ने की शक्ति है। हनुमान जी को अक्सर साहस से जोड़ा जाता है और घोर निराशा के क्षण में लोग भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि वे उन्हें किसी भी समस्या को बहादुरी से सहन करने की शक्ति दें। हनुमान की ताकत उनकी सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है। अकेले ही वह पूरी सेना ले सकता हैय वह महासागरों को पार कर सकता है और पूरे पहाड़ों को उखाड़ सकता है। हिंदू पौराणिक कथाओं में हनुमान की ताकत का परिमाण किसी अन्य भगवान या मानव के लिए अद्वितीय है। तमिल में कंबार की रामायण के अनुसार सिर्फ शारीरिक शक्ति नहीं-हनुमान जी को सोलिन सेलवन के रूप में वर्णित किया गया है जिसका अर्थ है शब्दों के धन का स्वामी। सीता देवी की खोज में भेजे जाने के बाद हनुमान भगवान राम के पास समाचार लेकर वापस आते हैं और राम से कहते हैं कंदेन सीतायै शब्दों का चुनाव काफी शानदार है। वह नहीं चाहते थे कि राम का हृदय उस एक क्षण के लिए भी उदास रहे जब वह सीताई- सीता कहकर रुक जाते हैं। यह भी हनुमान की अपने स्वामी के प्रति अमर भक्ति के लिए एक उदाहरण के रूप में खड़ा है। जब भगवान राम के भाई लक्ष्मण युद्ध में गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, तो हनुमान जी को संजीवनी पर्वत से एक दुर्लभ जड़ी बूटी लाने के लिए भेजा जाता है। भगवान हनुमान विशाल पर्वत में जड़ी बूटी लेने में असमर्थ हैं, पूरे पर्वत को उखाड़ फेंकते हैं और लक्ष्मण को बचाने के लिए समय पर वापस लंका चले जाते हैं। ऐसी और भी कई कहानियाँ हैं जो हनुमान की महानता की गवाही देती हैं, शायद इसीलिए मंगलवार और कुछ मामलों में शनिवार को भी कई लोग हनुमान जी का व्रत रखते हैं। जब अप्रत्याशित परेशानी या संकट में अधिकांश हिंदुओं के लिए हनुमान चालीसा पढ़ना आम बात है जो भगवान हनुमान की स्तुति में एक भजन है। छंद तुलसीदास द्वारा लिखे गए थे जो हनुमान के प्रबल भक्त भी थे। ऐसा कहा जाता है कि हर कोई इन छंदों को आसानी से पढ़ सकता है और मानव मानस पर इसका अत्यधिक लाभ होता है। हनुमान हमारे जीवन में अधिकांश स्थितियों के लिए भगवान के पास जाते हैं। भगवान गणेश के समान, हनुमान को भी बाधाओं को दूर करने वाला और बुरी आत्माओं को भगाने वाला माना जाता है। अब दु:स्वप्न से बचने के लिए अपने बिस्तर के नीचे हनुमान चालीसा रखना एक आम धारणा है। हिंदू समाज उन पर जिस तरह की आस्था रखता है, वह स्मरणीय है। मनुष्य दिन-प्रतिदिन जीवन में गलतियाँ करने के लिए बाध्य है, रात में हनुमान चालीसा का पाठ करने से मनुष्य को अपने पापों से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। यह क्लींजर की तरह मन और आत्मा को शुद्ध करता है। यह कठिन परिस्थितियों में भी बाहर एक प्रकार की शांति लाता है। अधिकांश हिंदू समुदायों में, हनुमान जी को एक ग्राम सीमा देवता के रूप में पूजा जाता है। भगवान के लिए कई मंदिर भी हैं। प्रायरू सभी विष्णु मंदिरों में परिसर में प्रवेश करते ही सबसे पहले हनुमान जी की मूर्ति ही दिखाई देती है। मूर्ति के मुख पर मक्खन का विशिष्ट प्रयोग आसानी से बता देता है कि यह हनुमान है। हनुमान का शाब्दिक अर्थ है विकृत जबड़ा वाला। भगवान विष्णु की तरह ही हनुमान जी पर तुलसी की माला का प्रयोग भी एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता है। हनुमान जयंती हर साल चौत्र मास में मनाई जाती है। यह हिंदू पौराणिक कथाओं में सबसे अनुकरणीय देवताओं में से एक के जन्म का प्रतीक है। वह अनुशासन, निष्ठा और समर्पण के प्रतीक हैं, ऐसे गुण जो इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दुनिया में शायद ही पाए जा सकते हैं। वीरता, विश्वास, शौर्य, बुद्धि और सफलता के लिए बहुत से लोग हैं जो भगवान हनुमान की परिक्रमा करते हैं।हनुमान, जिन्होंने सीता देवी को दिखाने के लिए अपना हृदय खोल दिया कि भगवान राम और वह उनके हृदय में निवास करते हैं और उन्हें उनसे उपहार के रूप में मोतियों के हार की आवश्यकता नहीं है, ऐसे अद्भुत समर्पण और बलिदान की आज कल्पना भी नहीं की जा सकती . लेकिन भगवान अपने अनुयायियों की भक्ति के लिए ही पीछे हटते हैं। हनुमान की पूजा सभी लोग विशेष रूप से करते हैं जो खेल और कठिन योगाभ्यास में लगे हुए हैं। हनुमान की तरह, हमें अपने मन, बुद्धि को अपनी आत्मा के नियंत्रण में लाकर, अपने स्वामी (हमारे सच्चे स्व, आत्मान) की सेवा करने का प्रयास करना चाहिए।

# लोकतंत्र की महत्ता को समझिए, विश्व में भारत एक मिसाल है

**संजीव ठाकुर**

स्वतंत्रता के बाद भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक शक्ति तथा गहन क्षमता वाला देश बन गया है, और यही एक बड़ा कारण है कि भारत जैसे विविधता और विशालता जैसे देश में निष्पक्ष चुनाव संपन्न कर चुनी हुई सरकार शासन करती है निसंदेह भारत के लिए गौरव की बात है पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है कि निसंदेह भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है की भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्यमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत



ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था। भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति के मामले में गुटनिरपेक्षता की नीति को अपना कर किसी भी गुट में न रहते हुए स्वतंत्र विकास की नीति को अपनाया था। जो कालांतर में भारत की विदेश नीति का आधार स्तंभ रहा है। भारत में बहुआयामी विविधता भी रही है। स्वतंत्रता संग्राम में राजनेताओं ने जहां एक स्वर में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का पक्ष लिया था वहीं दूसरी तरफ देश के कुछ हिस्सों में हिंदी विरोधी आंदोलन तक हुए हैं। भारत में संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा देते हुए कुल 22 भारतीय भाषाओं को आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कर भाषाई सौहार्द्र और समन्वय का बखूबी परिचय भी दिया है। और भारत में भारतीय संस्कृति के बहुलतावादी चरित्र को बनाए रखने की भविष्य में भी निरंतर आवश्यकता बनी रहेगी। भारतीय समाज की विविधता पूर्ण सांस्कृतिक,साहित्यिक, दार्शनिक व्यवस्था के बीच विद्वानों ने चिंतन मनन कर किसके बीच का समाधान भी निकाला है एक का सबसे बड़ा उदाहरण भारत में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों को महत्व देते हुए मिश्रित अर्थव्यवस्था का अंगीकार करना है। भारत की विजेताओं के विभिन्न नेताओं ने भारत देश के अंदरूनी मामले को लेकर देश की अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था तथा राजनीतिक व्यवस्था को काफी मजबूत तथा पुख्ता भी किया है। भारत की विविधता में एकता के सिद्धांत पर चलते हुए भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था राजनीतिक व्यवस्था तथा विदेशी नीति पर एक मजबूत आधार स्तंभ रखकर अपनी विश्व में एक अलग छवि तथा स्थान बनाया है। भारत में अनेक विविधताओं विषमताओं को विशेषता बनाकर समाधान अपने बीच ही खोज कर विश्व को एक कीर्तिमान बनाकर दिखाया है। आज भारत मैं इतनी बड़ी जनसंख्या और विभिन्न जातीय धर्म संस्कृति भाषाएं होने के बावजूद एकजुटता की नई मिसाल दिखाकर विश्व के किसी भी देश को टक्कर देने की स्थिति में है। भारत आज विकासशील देशों में अग्रणी देश माना जाता है। भारत की यही विविधता,विषमता ,साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल साइंस तथा सामरिक क्षेत्र में अद्भुत एकजुटता किसी भी देश के आक्रमण का सामना करने के लिए सीना तान कर खड़ा होने की शक्ति सामर्थ और ताकत भी प्रदान करता है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने जितनी प्रगति और वैश्विक स्तर पर विदेशी देशों का विश्वास अर्जित किया है वह निसंदेह भारत की प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक परंपरा के कारण ही है। भारत की विविधता में एकता भारत की एक बड़ी शक्ति है जिसे हमें निरंतर बनाए रखना होगा तब जाकर हम किसी भी देश के सामने सिर उठाकर खड़े हो सकते हैं।

# अमृतपाल मामले से बेहतर तरीके से निबट पर भगवंत मान ने अपना दमखम साबित कर दिया है

**अशोक मधुप**

अमृतपाल द्वारा खड़े किए जा रहे खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन के दौरान लगा था कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार नई है। वह परिस्थितियों का मुकाबला नहीं कर सकेगी। पर उसकी अमृतपाल और उसके साथियों के विरुद्ध की गई कठोर कार्रवाई से ये धारणाएं गलत साबित हुईं। पंजाब के अजनाला थाने पर हुए हमले में वांछित खालिस्तानी समर्थक और अलगाववादी अमृतपाल सिंह की फरारी पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने भले ही नाराजगी जताई हो किंतु पकड़े जाने की जगह उसका फरार रहना ही बेहतर है। वह पकड़ा जाएगा तो जेल में रहकर खुराफात करेगा, उल्टे-सीधे बयान देगा। फरार रहेगा तो उसे सिर्फ पुलिस की गिरफ्तारी से बचने का खौफ होगा। पुलिस की गिरफ्तारी से बचने की योजना उसके दिमाग में होगी। इस दौरान खालिस्तान और खालिस्तान का फितूर उससे बहुत दूर रहेगा। खालिस्तानी समर्थक और अलगाववादी अमृतपाल सिंह 18 मार्च को जालंधर के महितपुर से फरार हुआ। उसकी फरारी पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने नाराजगी जताई। अदालत ने इसे पुलिस और खुफिया विभाग की विफलता करार दिया। न्यायालय ने कहा कि पंजाब पुलिस के 80 हजार जवानों के होते वह कैसे भाग गया? ये सही है कि अलगाववादी अमृतपाल सिंह का पुलिस के घेरे से भाग जाना पुलिस की नाकामी है किंतु इस नाकामी से पंजाब को बड़ा लाभ हुआ है। अलगाववादी अमृतपाल सिंह पकड़ा जाता तो एक बड़ा नाम बन जाता। जेल में रहकर खालिस्तान के समर्थन में बयान देता। सिखों को भड़काता। वह लगातार खुराफात करता रहता और सरकार कुछ नहीं कर पाती, सिर्फ देखती रहती। आज अमृतपाल सिंह फरार है। ऐसे में उसके दिमाग में न खालिस्तान है, न खालिस्तान बनाने का कोई प्लान। वह सिर्फ भाग रहा है। उसे पुलिस का डर है। पकड़े जाने का डर है। डर है कि गिरफ्तार कर पुलिस उसकी पिटाई करेगी। उसे पंजाब की जेल में नहीं रखा जाएगा। उसके पकड़े गए साथियों की तरह दूर असम की डिब्रूगढ़ जेल में रखा जाएगा। या उससे भी यहीं दुरूह जगह पर रखा जायेगा। फरारी के 12 दिन तक उसकी चुप्पी से ये ही पता लगता है। फरारी के 12वें दिन उसका पहला वीडियो सामने आया। उस वीडियो में उसने सिखों को भड़काने की कोशिश की। वीडियो में उसने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से वैशाखी पर तख्त श्री दमदमा साहिब में सरबत खालसा बुलाने की बात कही है। उधर चौतरफा दबाव के बाद अब अमृतपाल के सरेंडर की अटकलें लगीं। चर्चा रही कि वह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर स्थित श्री अकाल तख्त साहिब में आकर सरेंडर कर सकता है। इसका पता चलते ही पुलिस ने वहां कड़ी सुरक्षा कर दी। इसके बाद सूचना आई कि वह बठिंडा के तलवंडी साबो स्थित तख्त श्री दमदमा साहिब में सरेंडर कर सकता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सरेंडर के लिए अमृतपाल ने तीन शर्तें रखी हैं, जिनमें उससे मारपीट नहीं करने, पंजाब की जेल में रखने और सरेंडर को गिरफ्तारी न दिखाने की बात कही है। हालांकि इसके बाद अमृतपाल की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई, जिसमें उसने सरेंडर करने की बात को नकारते हुए कहा कि वह पुलिस कस्टडी में टॉर्चर से नहीं डरता। उसकी मांग पर सरबत खालसा तो नहीं बुलाया गया किंतु शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी की अध्यक्षता में कुछ सिखों ने श्री हरमंदर साहिब से लेकर डीसी दफ्तर तक रोष मार्च निकाला। इस रोष मार्च में हरजिंदर सिंह धामी सहित रागी जत्थो के अलावा एसजीपीसी के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। डीसी दफ्तर के बाहर सभी एकत्रित हुए और पंजाब सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। एसजीपीसी की मांग है कि अमृतपाल के मामले में जिन लोगों पर एनएसए लगाया गया है, वह हटाया जाए। इसके अलावा दूसरे राज्यों की जेलों में भेजे गए सिख नौजवानों को पंजाब में वापस लाया जाए। डीसी दफ्तर पहुंचने के बाद एसजीपीसी की तरफ से डीसी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। पंजाब में अमृतपाल के द्वारा खड़े किए जा रहे खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन के दौरान लगा था कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार नई है। वह परिस्थितियों का मुकाबला नहीं कर सकेगी। पर उसकी अमृतपाल और उसके साथियों के विरुद्ध की गई कठोर कार्रवाई से ये धारणाएं गलत साबित हुईं। खालिस्तान की बात करने वाले अमृतपाल और उसके साथियों को भी इतनी कठोर कार्रवाई की उम्मीद नहीं थी। उन्हें लगता था कि सरकार सब देखती रहेगी। वह अपने काम जारी रखेंगे। अजनाला थाने पर हमला करने पर उनका कुछ नहीं बिगड़ा, आगे भी कुछ नहीं बिगड़ेगा। वह आगे भी ऐसा ही करेंगे और दबाव देकर पुलिस से अपने साथी छुड़ा लेंगे। ज्यादा से ज्यादा गिरफ्तार हुए तो पंजाब की जेल में ही रहेंगे, यहां से उनकी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्हें शायद यह उम्मीद बिल्कुल नहीं थी, कि अबकी बार उनके गिरफ्तार साथियों को पंजाब की जेल में नहीं दूसरे प्रदेश की ऐसी जेल में रखा जाएगा, जहां कोई न उनकी भाषा जानने वाला होगा, न ही समर्थक, न सहानुभूति रखने वाला। इन जेलों में तो वह आम कैदी होंगे और आम कैदियों की तरह की उनके साथ व्यवहार होगा। अपने लोगों, रिश्तेदारों से मिलने तक को तरस जाएंगे। अपनी पसंद और अपने प्रदेश का भोजन तक नसीब नहीं होगा। पंजाब की कानून व्यवस्था पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता अरविंद केजरीवाल का कहना है, हम देशभक्त लोग हैं, भारत माता से प्यार करते हैं और अगर कोई भारत माता के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करेगा तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। पंजाब में शांति बहाल रखने के लिए पिछले कुछ दिनों में भगवंत मान सरकार और आम आदमी पार्टी सरकार ने कई कठोर कदम उठाए हैं। हमें जो सिस्टम मिला उसमें पॉलिटिकल लोगों के साथ क्रिमिनल की जुगलबंदी थी। गैंगस्टर और क्रिमिनल्स को पहले पॉलिटिकल संरक्षण दिया जाता था। खालिस्ताल समर्थक अमृतपाल और उसके साथियों के विरुद्ध कार्रवाई ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में केंद्र और प्रदेश सरकार मजबूती से साथ है। अमृतपाल के साथियों की गिरफ्तारी के बाद उनके कुछ कट्टर समर्थकों को जिस तरह गिरफ्तार कर विशेष विमान से असम की डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया, उससे प्रदेश और केंद्र के आपसी तालमेल का पता चलता है। इस मुद्दे पर पहली बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक निजी चौनल से बातचीत में कहा, ष्कानून व्यवस्था के मामले में वह पंजाब के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। मैं हर तीन महीने में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मिलता हूं। किसी भी राज्य में लॉ एंड ऑर्डर होता है तो पार्टीबाजी से ऊपर उठकर केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी होती है। पंजाब सरकार इस मामले में जो भी कदम उठा रही है, केंद्र उनके साथ है। इस पूरे प्रकरण में अमृत पाल जहां फरार है, वहीं अमृतपाल के चार सहयोगियों राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है। अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। अमृतपाल सिंह के चार सहयोगियों- दलजीत सिंह कलसी, भगवंत सिंह, गुरमीत सिंह बाजेका और अमृतपाल के चाचा को असम की डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है। अमृतपाल पर आरोप है कि उसे विदेशी फंडिंग हो रही है। उसके पीछे पाकिस्तान की आईएसआई का हाथ है। अमृतपाल के करीबी सहयोगी श्आनंदपुर खालसा फौजश् (एकेएफ) बना रहे थे। अमृतपाल और उसके साथियों के खिलाफ दर्ज छह एफआईआर में अवैध हथियार रखने के अलावा पुलिस के काम में बाधा डालना और पुलिस पर हमला करने जैसे अपराध भी शामिल हैं। भारत में अमृतपाल और उसके साथियों के विरुद्ध सरकार की कठोर कार्रवाई के दौरान केंद्र और पंजाब सरकार का उम्मीद थी कि इस कार्रवाई के विरोध में पंजाब में तीखी प्रतिक्रिया हो सकती है। इसीलिए ऑपरेशन के समय पंजाब में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं थी। किंतु ऐसा हुआ नहीं। सब ठीक रहा। देश के अंदर कहीं कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। थोड़ी बहुत प्रतिक्रिया हुई तो अमेरिका, कनाड़ा, इंग्लैड आदि में। वहां भारतीय दूतावास पर प्रदर्शन हुए। तोड़फोड़ हुई। इतना सब होने पर वहां की सरकारें चुप रहीं। सक्रिय हुईं तो भारत के विरोध के बाद। इन घटनाओं को लेकर भारत कठोर कार्रवाई करेगा, विदेशों में अमृतपाल के पक्ष में प्रदर्शन करने वालों को यह उम्मीद नहीं थी। भारत सरकार ने इनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज कराने शुरू कर दिए हैं। इससे प्रदर्शन करने वाले भारतीय पासपोर्ट धारकों पर कार्रवाई किए जाने, विदेशों में नागरिकता लेने वालों के आईओसी (इंडियन ओरिजन कार्ड) निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। विदेशों की नागरिकता ले चुके प्रदर्शनकारियों को भी घेरे जाने की सूचनाएं हैं। एक चीज और अमृतपाल खुद कह रहा है कि पंजाब पुलिस चाहती तो उसे उसके घर से पकड़ सकती थी। किंतु नहीं पकड़ा। कहीं ऐसा तो नहीं कि उसे जानबूझकर भगाया गया हो और भगाया जा रहा हो। एक बात साफ है कि वह भागा हो, या भगाया गया हो, उसका भागना और फरार रहना देश के लिए लाभप्रद है।

# भीमराव आंबेडकर के विचारों का घर घर तक पहुंचाएगा आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति

## बाबा साहब की जयंती के मद्देनजर जारी किया उनके विचारों का पोस्टर

संवाददाता

लखनऊ। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश संयोजक मंडल की एक आवश्यक बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में सभी आरक्षण समर्थकों ने 14 अप्रैल बाबा साहेब की जयंती को धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया। संयोजक मंडल ने जहां बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से पूरे प्रदेश में भारत के संविधान का निशुल्क वितरण शुरू करेगा वही घर-घर में बाबा साहब के विचार को पहुंचाने के लिए संघर्ष समिति संयोजक मंडल ने रविवार को उनके विचारों पर बनाया एक पोस्टर भी जारी किया जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में बाबासाहेब के अनुयायियों के घरों में लगवाए जाएंगे जिससे बाबा साहब द्वारा जो भी उनके विचार है उसको आगे प्रचार-प्रसार करके उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आरक्षण समर्थक संकल्प ले।




संयोजक अवधेश कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संघर्ष समिति द्वारा विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी बाबा साहब अंबेडकर स्मारक गोमती नगर पर 13 अप्रैल से ही कार्यक्रम शुरू कर दिए जाएंगे जो 14 अप्रैल सायं तक चलते रहेंगे। रविवार को बैठक कर तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।

इस दौरान_आरपी केन, पीएम प्रभाकर, अजय कुमार, हरिश्चंद्र वर्मा, रामबरन, रामदास, लेख राम ,अजय, वाईएन राम ,नीरज ,बिंदा प्रसाद, जितेंद्र कुमार एवं प्रभु शंकर राव_समेत अन्य लोग मौजूद रहे

# निकाय चुनाव: निर्वाचन अयोग ने तय की प्रत्याशियों के खर्च की लिमिट, पूरे प्रदेश से आई 832 आपत्तियां

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव को अमली जामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी है। अयोग ने लखनऊ और 80 से अधिक नगरसेवकों वाले अन्य नगर निगमों के मेयर पद के उम्मीदवार के लिए खर्च की सीमा 40 लाख रुपये तय की है।लखनऊ नगर निगम में पार्षदों की संख्या 110 है। नगरसेवकों की 80 या उससे कम सीटों वाले नगर निगमों के मेयर पद के उम्मीदवार के लिए खर्च की सीमा 35 लाख रुपये होगी। अधिकारियों की माने तो राज्य के 17 नगर निगमों में महापौर पदों के लिए प्रस्तावित आरक्षण के खिलाफ832 आपत्तियां दर्ज की गई हैं। नगर निगम में पार्षदों के लिए खर्च की सीमा तीन लाख रुपये निर्धारित की गई है। 41 से 55 के बीच पार्षदों की संख्या वाली नगर पालिका परिषदों के अध्यक्षों के उम्मीदवारों के लिए खर्च की सीमा 12 लाख रुपये और 26 से 40 के बीच पार्षदों की संख्या वाली नगर पालिका परिषदों के लिए 9 लाख रुपये होगी। नगर पालिका परिषदों के नगरसेवकों के उम्मीदवारों के लिए खर्च की सीमा 2 लाख रुपये है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए खर्च की सीमा 2.5 लाख रुपए और नगर पंचायत पार्षद प्रत्याशी के लिए 50 हजार रुपए है। सभी नगर निगमों में महापौर पद के उम्मीदवारों के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा जमा राशि 12,000 रुपये और आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 6,000 रुपये होगी। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र की कीमत 1,000 रुपये और आरक्षित वर्ग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के उम्मीदवारों के लिए 500 रुपये होगी। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के कार्यालय के लिए सुरक्षा जमा सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 8,000 रुपये और आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 4,000 रुपये होगी। लखनऊ और उत्तर प्रदेश में 17 अन्य नगर निगमों में आगामी स्थानीय चुनावों के लिए प्रस्तावित वार्ड और महापौर पद के आरक्षण के खिलाफबड़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज की गई हैं। लखनऊ नगर निगम चुनावों के लिए प्रस्तावित वार्ड आरक्षण के खिलाफ उम्मीदवारों द्वारा 258 आपत्तियां दर्ज की गई हैं। लखनऊ नगर पंचायत चुनाव में आरक्षण को लेकर 17 आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। राज्य के 17 नगर निगमों में महापौर पदों के लिए प्रस्तावित आरक्षण के खिलाफ832 आपत्तियां दर्ज की गई हैं।आपत्तियों की उच्च संख्या ने अधिकारियों को आश्चर्यचकित कर दिया है क्योंकि यह संकेत देता है कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान मुकाबले बहुकोणीय होंगे। एक अधिकारी के मुताबिक नगर विकास विभाग और निदेशालय के कार्यालयों ने गुरुवार और शुक्रवार को त्योहारों और सार्वजनिक अवकाश के बावजूद देर रात तक आपत्तियों के निस्तारण के लिए काम किया, जिसके बाद अंतिम आरक्षण सूची जारी की जाएगी। लखनऊ में, कल्याण सिंह वार्ड से अधिकतम 96 आपत्तियां दर्ज की गई हैं, जिनमें से कई ने वार्ड को अनुसूचित जाति एससी से अन्य पिछड़ी जातियों ओबीसी में बदलने का तर्क दिया है।



# स्मृति ईरानी ने इस साल हज को शुरू से ही बड़ा दुशवार बना दिया : अनीस मंसूरी

संवाददाता, लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने इस साल हज को शुरू से ही बड़ा दुशवार बना दिया है। पहले तो नई हज गाइडलाइन के नाम पर हज फार्म भरवाने में चार महीने का विलम्ब किया गया उसके बाद मंत्रालय ने जब हज आवेदन हेतु ऑनलइन फार्म जारी किये तो उसका राजनैतिक लाभ लेने के लिए उसे फ्री कर दिया। एक बार डेट बढ़ाने के बाद भी पिछले वर्षो की अपेक्षा एक चौथाई लोगों ने ही आवेदन किया। अनीस मंसूरी ने कहा कि जब हज पर जाने के लिए आवेदकों को लॉटरी के द्वारा चुन लिया गया और उसके बाद सभी चुने गए हज यात्रियों को खर्च की पहली किस्त जमा करना था लेकिन एनआईसी का सर्वर डाउन होने की वजह से आज 16 दिन बाद लोगों का पैसा जमा नहीं हो पा रहा है, आजमीन हज रोजा रखकर के दिन भर बैंक में कतारों में लग रहे हैं लेकिन उनको मायूस हो कर लौटना पड़ रहा है, यह निहायत अफसोस की बात है कि एक छोटे से काम के लिये आजमीन हज को इतनी दुशवारियां उठानी पड़ रही हैं। अनीस मंसूरी ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने हज यात्रियों के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट को अनिवार्य कर दिया है, यह सर्टिफिकेट बहुत दुशवारी भरा है, सर्टिफिकेट में ऐसी चीजें मांगी गयी हैं जिससे लागता है कि लोग हज करने नहीं आपरेशन कराने जा रहे हैं। इस बार हज फिटनेस सर्टिफिकेट को सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर से बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के जिला सरकारी अस्पतालों में और ब्लॉक स्तर तक के अस्पतालों में कोई उचित व्यवस्था नहीं है, प्रदेश के 26786 लोग अपने मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए दर दर भटक रहे हैं।

# कार्डिनल कार्नेशन ग्रुप अन्नपूर्णा अभियान में जरूरतमंद बच्चों को लैपटॉप, किताबें, भोजन उपहार में दिए'

संवाददाता

लखनऊ। कार्डिनल कार्नेशन ग्रुप का मासिक अन्नपूर्णा फूड डिस्ट्रीब्यूशन ड्राइव जरूरतमंद बच्चों के लिए विशेष आश्चर्य से भरा हुआ था। यह ड्राइव आज रॉबिनहुड अकादमी के संयोजन में आयोजित की गई थी। अन्नपूर्णा ड्राइव हर महीने वंचित बच्चों के लिए आयोजित की जाती है जो अत्यधिक गरीबी में रहने वाले परिवारों से आते हैं। इन अभियानों का उद्देश्य इन बच्चों को ताजा, पौष्टिक भोजन प्रदान करके और उनकी शिक्षा का समर्थन करके उनकी मदद करना है। इस बार, 11वां अन्नपूर्णा ड्राइव अभय श्रीवास्तव (अध्यक्ष और सीईओ) के निवास पर आयोजित किया गया था, जिन्होंने पिछले महीने मकर संक्रांति अन्नपूर्णा ड्राइव पर आयोजित कला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर, उन्होंने बच्चों को उनके शैक्षिक प्रयासों का समर्थन करने और उन्हें अपनी पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए लैपटॉप दिए। इस अवसर पर सीसीजी की एक टीम और रॉबिनहुड सेना के स्वयंसेवक उपस्थित थे। बच्चों को पहले से पैक भोजन, पानी की बोतलें, स्टेशनरी आइटम और किताबें भी दी गईं। इसके अतिरिक्त, रॉबिनहुड सेना के सदस्यों को बच्चों के लिए शैक्षिक कक्षाओं के उचित संचालन की सुविधा में मदद करने के लिए बैठने की चटाई मिली। इस आयोजन ने टीम के सदस्यों को बच्चों के साथ जुड़ने, उनकी समस्याओं को समझने और उन्हें संबोधित करने के प्रयास करने का मौका दिया।कार्डिनल कार्नेशन ग्रुप का उद्देश्य नियमित शिक्षा अभियान भी आयोजित करना है। यह अधिक बच्चों को स्कूल जाने और उन मुद्दों को हल करने के प्रयास में मदद करेगा जो शिक्षा की कमी का कारण हो सकते हैं। कार्डिनल कार्नेशन ग्रुप (सीसीजी) का मानना है कि समाज को सभी के लिए समान अवसरों के साथ समावेशी होना चाहिए। यह उन पहलों पर केंद्रित है जो जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करते हैं और समाज के गरीब तबके के उत्थान में मदद करते हैं। यह कंपनी समाज के सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को भोजन, कपड़े, किताबें, दवाएं और अन्य आवश्यकताएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्डिनल कार्नेशन ग्रुप के अभय श्रीवास्तव का ड्राइव के बारे में यह कहना था, ष्हमारा मानना है कि आज बच्चों को दिए गए पुरस्कार और उपहार उनकी शिक्षा में बड़ा समर्थन साबित होंगे। अन्नपूर्णा अभियान इन बच्चों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि उनके परिवारों के पास उनकी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के साधनों की कमी है। हम इन अभियानों को लगातार करने की योजना बना रहे हैं और आने वाले भविष्य में स्वास्थ्य अभियान, शिक्षा अभियान और बहुत कुछ शामिल करेंगे। सीसीजी उन सभी की सराहना करता है जिन्होंने इस अभियान को इतनी जबरदस्त सफलता बनाने में भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रालोद ने किया तीन सदस्यीय चयन कमेटी का गठन

संवाददाता, लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव हेतु राष्ट्रीय लोकदल की तीन सदस्यीय चयन समिति का गठन किया है,जिसमें राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह गठीना राष्ट्रीय सचिव रमा नागर व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य नरेंद्र सिंह एडवोकेट शामिल हैं। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने आज यह जानकारी लखनऊ में दी।

### अयोध्या दर्शन पर बहुरंगी कैलेंडर का प्रकाशन


संवाददाता, लखनऊ। राम नगरी अयोध्या में मौजूद पौराणिक महत्व के दर्शनीय आध्यात्मिक स्थलों को देश के करोड़ों रामभक्त हिन्दुओं के घर घर तक पहुंचाने के लिए राजधानी की मल्टीमीडिया फर्म उत्कर्ष लखनऊ जल्द ही एक बहुरंगी कैलेंडर भारतीय बाजार में उतारने जा रही है। फर्म का व्यावसायिक काम देख रहे अनिल ने बताया कि इस कैलेंडर में अयोध्या में मौजूद उन सभी मंदिरों और स्थलों की झांकी प्रस्तुत होगी जिनके दर्शन और परिक्रमा किये अयोध्या यात्रा को अधूरा समझा जाता है। इन स्थलों में भगवान राम के कुल देवता रंगनाथ जी का मंदिर, सीता रसोई मंदिर, राम-जानकी मंदिर, जटायु मंदिर, और राम चबूतरा जैसे दर्जनों पौराणिक महिमा के स्थल एक ही कैलेंडर में नजर आएंगे। अनिल तिवारी के अनुसार यह कैलेंडर उन पर्यटकों एवं रामभक्तों के लिए भी जरूरी जानकारियों से भरा उपयोगी प्रकाशन होगा जो भगवान राम, सीता, दशरथ और कौशल्या जैसे पौराणिक महत्व के चरित्रों को जानने समझने के लिए अयोध्या तीर्थ की यात्रा करते हैं। यह कैलेंडर अयोध्या दर्शन में उनके लिए गाइड बुक का काम करेगा और इसके साथ ही सभी सनातन हिन्दूओं के घरों में पावन नगरी अयोध्या से जुड़े दिव्य स्थानों की महिमा को स्थापित करेगा।

### भाजपा सरकार ने पिछड़ी जातियों को मुख्यधारा में लाने का किया काम

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने ललितपुर में कहा कि भाजपा सरकार ने पिछड़ी जातियों को मुख्य धारा में लाने का काम किया है जिससे उनके जीवन में बदलाव आया है। उपमुख्यमंत्री ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला कार्यालय में आयोजित सामाजिक न्याय सप्ताह तथा सहरिया जनजाति युवा सम्मेलन एवं रोजगार संगोष्ठी में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने पिछड़ी जातियों को मुख्यधारा में लाकर सभी वर्गों को पक्के निशुल्क मकान देने का कार्य किया है, जिससे उनके जीवन में बदलाव आया है। इसके अतिरिक्त गरीबों को माह में दो बार निशुल्क खाद्यान्न, आयुष्मान कार्ड के तहत पांच लाख तक का निशुल्क उपचार व जलजीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों में शुद्ध पेयजल भेजे जाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन, निशुल्क शौचालय व साढ़े पांच लाख लोगों को नौकरी देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पहले समाजवादी पार्टी की सरकार में गरीबों की जमीनों पर अवैध कब्जे किये जाते थे, अब उन्हीं मुख्तार अंसारी व अतीक अहमद जैसे माफियाओं को जेल में डाल दिया गया है। इसके उपरान्त उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत लखनपुरा के भौंरसिल स्थित गौवंश आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया व तदोपरान्त कलैक्ट्रेट स्थित सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर सभी विभागों की प्रगति जानी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में निर्देश दिये कि सभी हैल्थ वैलनेस सेन्टरों पर बिजली का कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें और साथ ही साफकिया कि यदि मरीजों को बाहर की दवा लिखी गई, तो उन चिकित्सकों के विरूद्ध निश्चित तौर पर कार्यवाही होगी। इसके उपरान्त वह पीडब्लूडी के सर्किट हाउस पहुंचे, जहां पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पुलिस की सलामी ली।

# वर्ल्ड हेल्थ डे के उपलक्ष्य में सेफ सोसाइटी की ओर से आयोजित हुआ सम्मेलन

संवाददाता, लखनऊ। वर्ल्ड हेल्थ डे के उपलक्ष्य में सेफसोसाइटी की ओर से बालिकाओं और महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने कहा कि हमारे समाज में अभी भी महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति उपेक्षा का रवैया अपनाया जाता है। महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह होती हैं। जब तक स्वास्थ्य को लेकर बहुत ज्यादा दिक्कत न हो तो वे चिकित्सक के पास भी नहीं जाती हैं। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य को बिल्कुल नजरअंदाज कर दिया जाता है। खासतौर पर अगर हम ग्रामीण परिवेश की बात करें तो यहां बचपन से ही एक लड़की को मानसिक रूप से कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किशोरावस्थ्या में शरीर में होने वाले बदलाव से लेकर शादी और बच्चों की जिम्मेदारी और अपेक्षाओं पर खरे उतरने को लेकर वे अवसादग्रस्त होने लगती हैं। ऐसे में हमें उनके मानसिक स्वास्थ्य पर खास ध्यान देना चाहिए। सेफसोसायटी के महिला आजीविका की कार्यक्रम प्रबंधक विभा मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में अधिकतर लोग आर्थिक रूप से संपन्न नहीं होते हैं। ऐसे गरीब परिवार की महिलाओं के ऊपर घर चलाने के साथ साथ पारंपरिक अपेक्षाएं, स्नेह की कमी और अपने पति के साथ संघर्ष, विधवा और तलाक और अपनी बेटियों के लिए दहेज प्रदान करने में कठिनाई सहित कई कारण होते हैं। यदि हम महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाए और उनके मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ्य रहने के प्रति जागरूक करें तो हम समाज में काफी बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद मेंटल हेल्थ काउंसलर दीपाली श्रीवास्तव ने कहा कि हिंसा की शिकार महिलाओं में अवसाद, चिंता और मनोदैहिक लक्षणों सहित मानसिक बीमारी का खतरा अधिक होता है। भारत में महिलाओं के खिलाफहिंसा एक आम सामाजिक समस्या है। वन स्टेप सेंटर और वूमेन हेल्पलाइन में महिलाओं संबंधित हिंसा के काफी मामले आते हैं। जिसमें से अधिकतर विवाहित महिलाओं के होते हैं। आज की तारीख में भी लगभग 90 फीसद ग्रामीण आबादी मानसिक स्वास्थ्य से वंचित है। अभी भी लोग मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित इलाज को पागलपन से जोड़कर देखते हैं। जिसकी वजह से वो मनोरोग विशेषज्ञ के बजाय झाड़फूंक के चक्कर में फंसे रह जाते हैं। ऐसे में अवसाद ग्रस्त महिला या किशोरियों को पागल या भूतप्रेत का साया बताकर कई बार जान से मार भी दिया जाता है। बीकेटी की एलएमओ ने मेंस्ट्रूअल और रेप्रोडक्टिव हेल्थ को लेकर कहा कि भारत में प्रसवोत्तर अवसाद 11-23: महिलाओं को प्रभावित करता है। इसके पीछे का कारण गरीबी, प्रसवपूर्व मनोरोग रुग्णता, खराब वैवाहिक और पारिवारिक संबंधों, समर्थन की कमी, वैवाहिक हिंसा और बालिकाओं के जन्म होता है। साथ ही किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव तथा सुरक्षित, स्वच्छ मासिक धर्म सम्बन्धी आचरण का अभाव, प्राकृतिक रूप से होने वाली शारीरिक प्रक्रिया के चारों ओर एक जटिल व भारी सन्नाटा खड़ा कर दिया गया है।




# रिश्तेदार का अतीक अहमद पर आरोप

## रिश्तेदार का अतीक अहमद पर आरोप बोला, मुझसे कहा कि 5 करोड़ दो या अपनी जमीन मेरी बीवी के नाम करो

संवाददाता

लखनऊ। उमेश पाल अपहरण मामले में माफिया अतीक अहमद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अतीक अहमद के खिलाफ उसके अपने ही रिश्तेदार ने मुकदमा दर्ज कराया है। अतीक अहमद के रिश्तेदार जीशान अहमद ने अतीक अहमद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जीशान ने बताया कि अतीक अहमद ने उसकी जमीन हड़पने की कोशिश की।जीशान अहमद ने बताया कि मेरी एक कीमती जमीन है और इस पर अतीक की नजर थी। अतीक अहमद ने मुझसे कहा था कि या तो तुम हिस्सा दो या फिर अपनी जमीन मेरी बीवी के नाम कर दो। एक दिन मैं अपने परिवार के साथ जमीन के पास बैठा था और अतीक अहमद के बेटे अली और उसके गुर्गे आए। कई गाड़ियों से आकर उन्होंने राइफल लेकर हमें घेर लिया। इसके साथ ही बताया कि अतीक का बेटा अली मेरे कनपटी पर बंदूक रखा और फिर उसके बाद उसने अपने पिता को फोन मिलाया। अतीक ने मुझसे फोन पर कहा कि तोहका बहुत गुंडई आवत है। एक काम करो 5 करोड़ दो या फिर अपनी जमीन मेरी बीवी के नाम कर दो। मैं चुप हो गया क्योंकि मुझे उनलोगों ने घेर रखा था। इसके बाद अतीक बोलता है कि अली यह लोग ऐसे नहीं मानेंगे, इनको मारो।निजी समाचार चौनल से बातचीत करते हुए जीशान अहमद ने बताया कि इतने में वे मेरे मुझे मारना शुरू कर दिए। फिर मेरे परिवार और करीबी का उनसे झगड़ा होने लगा और वह लोग हमें मार रहे थे। उसका वीडियो भी है। फिर मैं भागा लेकिन अली और उसके गुर्गे ने गोली चला दी, लेकिन मैं बच गया। मैं पुलिस स्टेशन गया लेकिन वहां पर मुझे उल्टा बिठा लिया गया, लेकिन उस दौरान एक पुलिस अधिकारी राकेश सिंह साहब थे, उन्होंने मेरी खूब मदद की। उन्होंने एफआईआर लिखवाई और फिर तहकीकात शुरू हुई। फिर धीरे-धीरे खुलासा होना शुरू हुआ। जीशान अहमद ने योगी आदित्यनाथ सरकार की तारीफकरते हुए जीशान ने कहा कि योगी सरकार से न्याय मिलने की उम्मीद है। हम चाहते हैं कि इसी कार्यकाल के अंदर फैसला आ जाए, क्योंकि अगर बाई चांस सरकार बदल गई तो आगे इससे भी घातक हो सकता है।



# यूपी में कोरोना केस बढ़ने के बाद जारी हुई गाइडलाइन

## 24 घंटे में 188 नए केस, पॉजिटिव सैंपल की केजीएमयू में होगी जीनोम सिक्वेंसिंग

संवाददाता

लखनऊ। यूपी में बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने नई गाइडलाइन जारी की है। सभी पॉजिटिव सैंपल को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए केजीएमयू भेजा जाएगा। सरकारी व निजी अस्पतालों की ओपीडी में पहुंच रहे मरीजों को 24 घंटे में जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को आई रिपोर्ट में 24 घंटे में 188 नए केस सामने आए हैं। प्रदेश में आरआरटी यानी रैपिड रिस्पॉन्स टीम को फिर से सक्रिय किया गया है। वहीं, विदेश यात्रा से लौट रहे यात्रियों की कोरोना जांच कराने की बात भी कही गई है। इसके अलावा सभी 75 जिलों में आईसीसीसी यानी इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर के संचालन करने के लिए कहा गया है। शनिवार को आई रिपोर्ट में बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा मामले गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ और गाजियाबाद में हैं। गौतमबुद्ध नगर यानी नोएडा में 52 केस (एक्टिव-271) मिले हैं। वहीं लखनऊ में 26 (एक्टिव-175) और गाजियाबाद में 27 (एक्टिव-120) मरीज मिले हैं। इसके अलावा वाराणसी में भी 10 (एक्टिव-55) पॉजिटिव केस मिले हैं। इस दौरान 31 हजार 84 सैंपल की जांच की गई। फिलहाल प्रदेश के 61 जिले कोरोना की चपेट में हैं। जांच के लिए सभी कोविड प्रयोगशालाओं को सक्रिय करने और अस्पतालों में मास्क के प्रयोग सहित अन्य कोविड नियमों का पालन करने को कहा गया है। जिलों में बने इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटरों को फिर से सक्रिय करने, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सर्विलांस के लिए टीमें गठित करने। जिले और ब्लॉक स्तर पर बनाई गई रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी), आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम निगरानी समिति को फिर से ट्रेनिंग के लिए भी कहा गया है। आदेश के अनुसार, निगरानी समितियां लक्षण दिखने पर लोगों को मेडिकल किट का वितरण करेंगी। आरआरटी में एक चिकित्सक अनिवार्य रूप से शामिल हो और कोरोना संक्रमित मरीज के घर जाकर उसके संपर्क में आए लोगों की 24 घंटे के भीतर जांच कराया जाए। वहीं, कोरोना जांच के लिए एयरपोर्ट, रेलवे व बस स्टेशन पर हेल्प डेस्क बनाकर लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार से निर्देश मिलने के बाद 11 और 12 अप्रैल को प्रदेश भर में मॉक ड्रिल कराया जाएगा। जिसमें ऑक्सीजन प्लांट की वर्किंग कंडीशन चेक की जाएगी। अस्पतालों में ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेट की उपलब्धता और वर्किंग देखी जाएगी। हेल्थ केयर की ड्यूटी रोस्टर की तैयारी को भी देखा जाएगा। अस्पताल में सभी लॉजिस्टिक्स सपोर्ट की उपलब्धता को भी सुनिश्चित किया जाएगा। जिनमें दवाई, आइवी फ्लूइड और इक्विपमेंट की वर्किंग को भी देखा जाएगा।




### कोरोना का खौफ, अब विदेश से आने वाले यात्रियों की होगी कोविड जांच

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के मुताबिक यूपी में विदेश से आने वाले यात्रियों की कोरोना जांच होगी। प्रदेश में 24 घंटे में कोरोना के 200 से ज्यादा नए केस मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर करीब 1 हजार हो गई है।

## जिलाधिकारी द्वारा टांडा हॉट का निरीक्षण



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा टांडा हॉट का निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी महोदय द्वारा बुनकरों के बीच जाकर किए जा रहे कपड़ा बुनाई के कार्यो का जायजा लिया गया।बुनकरों के बीच उन्होंने पहुंचकर मशीनों का भी जायजा लिया। उद्योगों को किस तरह बढ़ावा दिया जाए। उस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा विस्तार से बुनकरों के साथ विचार-विमर्श किया गया। कपड़ा बुनाई के हो रहे कार्य को देखकर उन्होंने काफी खुशी जाहिर किया। कपड़ा बुनाई के सभी प्रोसेस का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान बुनकरों द्वारा कुछ छोटी-छोटी समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसे जिलाधिकारी महोदय द्वारा इसे निस्तारित करने हेतु आश्वस्त किया गया।जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सभी बुनकर की आर्थिक स्थिति अच्छी हो। बुनकरों की जो भी समस्याएं हैं उनकी समस्याओं का निराकरण गंभीरतापूर्वक किया जाएगा।

## मोटे अनाज व जैविक खेती के विषय पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर। लोकसभा 2024 को लेकर भाजपा लगातार कमर कसे हुई है, जिस कड़ी में भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थापना दिवस 6 अप्रैल से लेकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम कर रही है। जिसमे भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गोविंद नरायण त्रिपाठी के निर्देशन में जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा सतेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में इसौली विधानसभा क्षेत्र के मंडल बल्दीराय के पूरे फत्ते भरसईया गांव में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला



उपाध्यक्ष किसान मोर्चा धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पदाधिकारियों को भाजपा और किसान मोर्चा को मजबूत करने के लिए डटकर कार्य करना होगा,ताकि 2024 लोकसभा चुनाव में किसान मोर्चा की अहम् भूमिका रहे।गोष्ठी में मोटे अनाज और प्राकृतिक खेती, जैविक खेती से बेहतर उत्पादन जैसे विषयों पर मुख्य वक्ताओं द्वारा लोगो के बीच चर्चा की गई।

## शैक्षिक भ्रमण पर रवाना हुए प्राइमरी के सितारे

❍ प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर। किताबी ज्ञान को हकीकत की जमीन पर देखने के लिए बल्दीराय ब्लाक के प्राथमिक स्कूल कांपा के कक्षा 4,5 व कक्षा 5 पास होनहार बच्चों की टीम को आज प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना किया। एक दिवसीय पर्यटन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लखनऊ के इतिहास के बारे में बताया जाएगा।खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह ने कहा कि लखनऊ में ऐतिहासिक दृष्टिकोण से बहुत कुछ देखने और समझने लायक है। किताबी ज्ञान से अलग यदि एक बार ऐतिहासिक स्थलों को देख लिया




जाए तो उससे मिली जानकारी अमिट हो जाती है। शैक्षिक भ्रमण से लौटने के बाद बच्चों में जो जिज्ञासा और आत्मविश्वास का भाव पैदा लेता है, वह उनकी आगे की पढ़ाई के लिए लाभकारी होगा। इससे बच्चों में सीखने का एक नया दृष्टिकोण विकसित होगा। बच्चों के इस दल का नेतृत्व कर रहे प्रधानाध्यापक वैभव सिंह ने बताया कि लखनऊ चिड़िया घर,अम्बेडकर पार्क आदि का भ्रमण करेगी।

## राम सेवक वर्मा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ किया राष्ट्रीय महासचिव इन्द्रजीत सरोज का जोरदार स्वागत



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज रायबरेली के एक दिवसीय दौरे पर रहे, जहाँ उन्होंने पार्टी के कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू की। हाल ही में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इंद्रजीत सरोज को रायबरेली लोकसभा का प्रभारी बनाया है जिसके बाद आज इंद्रजीत सरोज ने रायबरेली में बूथ कमेटी की बैठक कर कार्यकर्त्ताओं का मार्गदर्शन किया और लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने के गुरु सिखाए। सपा कार्यकर्त्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज का रायबरेली का प्रभारी बनाए जाने के बाद पहले आगमन पर स्वागत किया पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष राम सेवक वर्मा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय महासचिव का त्रिपुला चौराहे पर जोरदार स्वागत किया।

# मण्डल मुख्यालय पर ही हो विश्वविद्यालय की स्थापना : मसूद खान

### विवि मुहिम को मिला पूर्व ब्लाक प्रमुख का समर्थन, मुख्यमंत्री को भेजा पोस्टकार्ड

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

गोण्डा। जिले में विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर इंकलाब फ उंडेशन ने मुहिम काफी तेज कर दी है। रविवार को अविनाश सिंह के नेतृत्व में मंडल मुख्यालय गोण्डा पर विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर पोस्टकार्ड अभियान का समर्थन पूर्व ब्लाक प्रमुख मसूद आलम खां ने भी किया। उन्होंने अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड पर गोण्डा मांगे विश्वविद्यालय लिखकर भेजा है। इस मौके पर मसूद आलम खां ने कहा कि विश्वविद्यालय स्थापना मंडल मुख्यालय गोंडा में ही होनी चाहिए। यहां पर युवाओं द्वारा तीन वर्षों से लगातार मांग की जाती रही। कोविड में भी इंकलाब फाउंडेशन ने पंपलेट बांट कर विश्वविद्यालय स्थापना की मांग की थी। इसीलिए विश्वविद्यालय स्थापना मुख्यालय पर ही होनी चाहिए, जिससे आसपास के भी बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। गोंडा मांगे विश्वविद्यालय मुहिम का नेतृत्व कर रहे अविनाश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय स्थापना के लिए संघर्ष सड़क से संसद तक किया जाएगा। हमारी टीम हर साजिश का करारा जवाब देने के लिए तैयार है। किसी भी कीमत पर विश्वविद्यालय की स्थापना इसी जनपद में कराई जाएगी। वहीं किसान जितेंद्र सिंह ने कहा कि बलरामपुर के माननीयों ने जिस प्रकार से गोण्डा के डोमाकल्पी को बाढ़ग्रस्त बताकर विश्वविद्यालय को बलरामपुर में बनवाने की मांग की है, वह बहुत ही निंदनीय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विश्वविद्यालय मंडल मुख्यालय पर बनवाने की घोषणा की जा चुकी है। बलरामपुर वासी हमारे विश्वविद्यालय को हड़पने की साजिश क्यों रच रहे हैं। हम सभी इसके लिए सड़कों पर उतरेंगे और किसी की भी साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।



रोहित मिश्रा, हसमुख पाठक, छात्रा अंजली पाठक, परसपुर विकास मंच के अरुण कुमार सिंह आदि ने भी समर्थन करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को लेकर किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। यह आमजन से जुड़ा मुद्दा है और छात्र-छात्राओं के भविष्य का सवाल है। मंडल मुख्यालय पर इसकी स्थापना से सभी जिलों के छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सहूलियत मिलेगी।

## ससुराल गये युवक को पत्नी ने परिजनों के साथ मिलकर पीटा

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। मिर्जापुर ऐहारी गांव निवासी युवक ससुराल गया हुआ था। जहां किसी बात को लेकर पत्नी समेत ससुराली जनों ने लाठी डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी अमित कुमार का कहना है कि पिछले एक महीने से किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से अनबन चल रही थी। इसी बीच ससुराली जनों के बुलाने पर अमित कुमार अपने रिश्तेदारों के साथ रविवार की दोपहर पत्नी को बुलाने ससुराल बरसवां मजरे कंदरावा गांव गया हुआ था। आरोप है कि बातचीत के दौरान उसकी पत्नी समेत अन्य ससुराली जनों ने उसे पकड़कर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। जिसके बाद सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया। उपचार के बाद पीड़ित ने पत्नी समेत अन्य ससुरालीजनों के विरुद्ध कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी बालेन्दु गौतम ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। उभय पक्षों को बुलाकर मामले का निस्तारण कराया जाएगा।

## पुलिस ने वांछित अपराधी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, खीरों, रायबरेली। खीरों पुलिस ने वंचित अपराधी को फ्तेहपुर जिले से किया गिरफ्तार खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि आरोपी फ्तेहपुर जिले का रहनेवाला अजय पुत्र साजन पासी मुकदमा अपराध संख्या 215/20 धारा 2/3 यूपीजी एक्ट आरोपी है और घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुख्ता सूचना मिलने पर थाना खागा जनपद फ्तेहपुर से दबिश डाल कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

## नाबालिक युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, घर में मचा कोहराम

संवाददाता, खीरों, रायबरेली। खीरों थाना क्षेत्र के हरिपुर निहस्था में शनिवार को शाम 7 बजे एक युवती ने मानसिक तनाव के चलते अपने कमरे में छत के पंखे के हुक रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर घर में कोहराम मच है घर के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामला खीरों क्षेत्र के हरिपुर निहस्था का है जहाँ पर पूजा पुत्री प्रेम बहादुर लोधी लगभग 17 वर्ष निवासी हरीपुर निहस्था ने अपने कमरे में छत के पंखे के हुक रस्सी के सहारे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी खीरों पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुचे खीरों थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार अवस्थी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## गौवंश बरामद, तीन अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, जौनपुर। जिले के थाना सिकरारा पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय गोतष्तर को किया गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तंमचा व कारतूस, एक पिकअप व चार जिन्दा गौवंश बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ष्यैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सकिरारा थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ दुदौली नहर पुलिया से अभियुक्त असलम अली पुत्र दरोगा निवासी ग्राम जन्सो मडई थाना अलीनगर जनपद चन्दौली , आनन्द सिंह पुत्र अखिलेश सिंह निवासी ग्राम लौंदा थाना अलीनगर जनपद चन्दौली, गोलू यादव पुत्र संतोष यादव निवासी ग्राम लौंदा थाना अलीनगर जनपद चन्दौली को एक पिकअप उन पर लदे 03 जिन्दा बैल व 01 जिन्दा गाय के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया कि उक्त अभियुक्त गोवध एवं पशु क्रूरता से सम्बन्धित अपराध के पेशेवर अपराधी है, इनके द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर पिकप वाहन लेकर लाठी, डण्डे, ईंट पत्थर व असलहा से लैस होकर रात्रि के समय रेकी करके किसानो की गाय व बैल चोरी किया जाता है तथा सम्बन्धित के जाग जाने या जानकारी होने पर इनके द्वारा पशु मालिक या इनको पकड़ने वाले पुलिस बल पर प्राण घातक हमला किया जाता है।

## भाजपा किसान मोर्चा द्वारा मोटा अनाज एवम प्राकृतिक खेती के विषय पर आयोजित किसान गोष्ठी हुई संपन्न

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

जलालपुर/अंबेडकर नगर। भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत रविवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा विभिन्न विकास खंडों में मोटा अनाज एवम प्राकृतिक खेती के विषय पर किसान गोष्ठी और पैदल मार्च संपन्न हुई। विभिन्न ब्लॉको में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ हरिओम पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,पूर्व विधायक संजू देवी,अनीता कमल,राम प्रकाश यादव, ने संगोष्ठी के मुख्य उद्देश्य के बारे में बीजेपी के कार्यकर्ताओं व किसानों को जैविक खेती और मोटा अनाज के बारे में जानकारी दी । जलालपुर ब्लॉक में विनोद मौर्य की अध्यक्षता एवं भाजपा जिला मंत्री पंकज वर्मा के संचालन में आयोजित किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुभाष राय ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से किसानों की आय दोगुनी हो रही है, जब किसान




खुशहाल होगा तभी देश खुशहाल होगा। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर ने जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हितों में जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। इसका शत प्रतिशत किसानों को लाभ दिया जा रहा है। जिला कार्यक्रम सहसंयोजक विकाश निषाद ने बताया कि सभी ब्लॉकों में आयोजित किसान गोष्ठी में मुख्य वक्ताओं द्वारा मोटा अनाज, जैविक तथा गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर जन जागरण अभियान चला कर इसके बारे में जानकारी दी गई । तथा जागरूकता के लिए पैदल मार्च भी निकाला गया । विभिन्न कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से रमेश गुप्त , विमलेंद्र सिंह मोनू,अमरेन्द्रकान्त सिंह,सुरेश कनौजिया, रिंकल सिंह,सरिता गुप्ता,अवधेश दिवेदी, गौरव सिंह ,केशरी नंदन त्रिपाठी, सुधीर सिंह मिंटू, श्यामनाथ शुक्ल, प्रह्लाद बर्मा , विनय पाण्डेय , बाबु राम राजभर , अमित पाण्डेय , राजमणि सिंह , संगम बाबा , अमित सिंह, नीरज विश्वकर्मा, संजीव मिश्र,अशोक उपाध्याय, अनुज सोनकर, विपिन पांडे, राजाराम मौर्य ,मानिक चंद सोनी देवेश मिश्र, गोलू जायसवाल, बीजेपी के वरिष्ठ नेता अजीत निषाद, आशीष सोनी, अमित मद्धेशिया, रोशन सोनकर, डॉ महेंद्र प्रताप चौहान, प्रेमचंद, शिवम आर्य,संजय सोनकर, दुर्गेश अग्रहरि,अली मेहंदी आदि मौजूद रहे ।

## आधुनिक शिक्षा के नाम पर मची लूट, एलकेजी में 6 किताबों की कीमत 4 हजार

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बस्ती। बस्ती जनपद में अप्रैल माह से नये शैक्षिक सत्र की शुरुआत होने के साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी शुरु हो गई है। ज्यादा लाभ कमाने के इरादे से तमाम स्कूल खुद ही कापी किताब बेंच रहे हैं। अभिभावक कहते हैं दुकानदार कुछ राहत भी दे देते हैं लेकिन स्कूल से बिककुल राहत नही मिलती। फीस पहले ही बढ़ चुकी है। अफ्सरों ने निजी स्कूलों द्वारा की जा रही नाजायज वसूली पर सचेत किया था लेकिन न कोई जांच हुई और न कार्रवाई। इससे जुलाई शुरु होते ही स्कूलों मनमानी शुरू हो गयी है। विदित हो शासन ने 10 फीसदी से अधिक फीस न बढ़ाने का निर्देश जारी किया था, लेकिन स्कूलों ने अपनी सुविधा और दो सालों के कोरोना काल में हुए नुकसान की भरपाई के लिए मनमानी फीस बढ़ा दी। इसके साथ ही निजी स्कूल कापी किताबों के साथ यूनीफार्म, टाई बेल्ट तक स्कूलों से ही बेच रहे हैं। कुछ स्कूल जांच की लपेट में न आ जाएं इसके लिए दुकान सेट किए हैं, एक दुकान के अलावा उनके स्कूल में



चलने वाली किताबें दूसरी किसी दुकान में नहीं मिलतीं हैं। आर्थिक कमजोर बच्चों को एडमिशन ने देने पर प्राइवेट स्कूलों पर कार्यवाही की बात हवाई साबित हुई। कक्षा 1 से 8 तक की मान्यता होने के बावजूद यहां पर अवैध रुप से एलकेजी व यूकेजी की कक्षाएं संचालित होतीं हैं। इनके जरिए भी इन स्कूलों की बड़ी कमाई होती है। कन्हैयालाल, विनय द्विवेदी, गोपाल पाण्डेय, अश्वनी, राजेश गुप्ता राजकुमार, आदि अभिभावकों का कहना है कि बड़ी संख्या में स्कूलों ने बेसिक शिक्षा परिषद से कक्षा 8 तक की मान्यता ले रखी है।इसमें हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम दोनों की मान्यता है। मान्यता के साथ ही परिषद की ओर से पुस्तकें भी निर्धारित हैं, लेकिन स्कूल संचालक खुद अपना सिलेबस तय करके अपनी सुविधा के अनुसार प्रकाशकों से पुस्तकें छपवाकर उनकी मनमानी कीमत निर्धारित करके बड़ा मुनाफा कमा रहे हैं। एलकेजी छात्र की वार्षिक फीस बारह हजार रुपये और 6 किताबों की लगभग 4 हजार रुपये है वंही चौथी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों का तेरह हजार रुपये फीस और 4200 रुपये में 8 किताबें दी जा रही है।खास बात ये है कि इन स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के कोई मानक तय नहीं है। यहां कम शैक्षिक योग्यता वाले अप्रशिक्षित युवक-युवतियों को शिक्षण कार्य में लगाया जाता है। इससे शिक्षकों को कम वेतन देकर अधिक मुनाफा कमा लेते हैं। यूं कहें कि अभिभावकों के साथ साथ अध्यापक भी शोषण के शिकार हो रहे हैं। बेरोजगारी ऐसी है कि 5 से 6 हजार रूपये में वे सेवायें देने को मजबूर हैं। इस प्रकरण में बेसिक शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत प्रजापति से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि सभी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित कर जांच कराई जा रही है और जल्द ही ऐसे विद्यालयों के खिलाफकार्यवाही की जाएगी।

# लोकतंत्र में हाशिये पर हैं बीडीसी सदस्य : कृष्णचन्द्र सिंह

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले में प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ का पूर्वांचल महासम्मेलन शनिवार को अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय संरक्षक कृष्णचन्द्र सिंह के संयोजन में सम्पन्न हुआ। महासम्मेलन में बीडीसी सदस्यों का दर्द छलका कि निर्वाचित होने के बाद भी विकास में उनकी स्पष्ट भागीदारी नहीं है और उनकी भूमिका मात्र एक दिन वोट देने मात्र की रह गई है। मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि बीडीसी सदस्यों को उनका अधिकार और पर्याप्त अवसर मिले इस दिशा में पहल की जायेगी, उनकी आवाज को प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचाया जायेगा। पूरा प्रयास होगा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों की विकास प्रक्रिया में भूमिका कमजोर न होने पाये। मुख्य वक्ता सांसद जगदम्बिका पाल ने पूर्वांचल महासम्मेलन में आयोजकों की सराहना करते हुये कहा कि यह अच्छा कदम है। इस सम्मेलन से जो आवाज जायेगी निश्चित रूप से उसका प्रभाव व्यापक होगा। कहा कि बीडीसी सदस्यों की लोकतंत्र के निर्माण और सृजन में बड़ी भूमिका है। उन्हें पर्याप्त सम्मान मिले इस दिशा में हर स्तर पर वे भूमिका निभाने को तैयार है। कार्यक्रम में विधायक अजय सिंह, विधान परिषद सदस्य अवधेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल, भाजपा प्रभारी अशोक सिंह, ब्लाक प्रमुख के.के. सिंह, अनिल दूबे, अभिषेक कुमार, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह, योगेन्द्र सिंह, रघुनाथ सिंह आदि ने पूर्वांचल महासम्मेलन में बी.डी.सी. सदस्यों की भूमिका, योगदान और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा किया। प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के संरक्षक कृष्णचन्द्र सिंह ने कहा कि बीडीसी सदस्यों की मांगों को लेकर प्रतिनिधि मण्डल ने अनेकों ज्ञापन दिये। अच्छा हो कि सरकार इस दिशा में सकारात्मक पहल करे।

## किसान यूनियन की बैठक में की गई किसानों की समस्याओं पर चर्चा

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। किसान यूनियन की बैठक में तहसील स्तर पर विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु रणनीति पर चर्चा की गई। रविवार को भारतीय किसान यूनियन महेंद्र सिंह टिकैत गुट के किसानों ने विकास खण्ड परिसर में बैठक कर 15 अप्रैल को महराजगंज, बछरावां, शिवगढ़ सहित तीनों ब्लाकों के किसानों को लेकर समस्याओं के निराकरण की मांग उपजिलाधिकारी से करेंगे। बैठक के दौरान किसानों को सम्बोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष लवकुश कुमार ने कहा कि हम किसानों की समस्याओं का निराकरण न हुआ तो संगठन के आवाहन पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर ब्लाक उपाध्यक्ष श्री नाथ, महामंत्री रामनरेश गौड़, असफाक, जगमोहन टीटू, सदानंद त्रिवेदी, रामसजीवन, रवि पाल, ताराचंद, रामकुमार यादव, सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## सप्तदिवसीय रामलीला में छठे दिन धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद और सीता स्वयंवर का हुआ मंचन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। नवोदय चौराहे स्थित हनुमान मंदिर पर चल रहे सप्तदिवसीय रामलीला के छठे दिन धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद और सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान लक्ष्मण परशुराम संवाद ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। राम लीला के दौरान सीता स्वयंवर प्रसंग में शिव धनुष टूटने के बाद लक्ष्मण परशुराम संवाद, राम विवाह की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। प्रसंग में राजा जनक के दरबार में सीता स्वयंवर के दौरान श्री राम शिव धनुष को तोड़ते हैं। शिव धनुष के टूटते ही जहां जयश्रीराम के



उद्घोष से पंडाल गूंज उठा। धनुष भंग के पश्चात परशुराम-लक्ष्मण संवाद का दर्शकों ने आनंद लेते हुए सराहना की।सीता स्वयंवर के होने के बाद। राम लीला के दर्शकों को लड्डू प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर आयोजक राजू मौर्य, रामनरेश, ममता मौर्य, सर्वेश कुमार, वीरेंद्र शुक्ला, पुतुन सेठ, धर्मेन्द्र यादव, पप्पू यादव, अर्जुन, रामप्रकाश के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकरनगर । जनपद में मुख्यालय से लेकर ग्रामीणचल तक फैले अंग्रेजी माध्यम के सीबीएसई और आईएससी बोर्ड के विद्यालय में अभिभावकों को बच्चों को पढ़ाना काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। नया सत्र शुरू होने के बाद सबसे ज्यादा बोझ यूनिफॉर्म किताब कॉपी का होता है । जोकि विद्यालयों द्वारा मनमानी तरीके से अभिभावक का दोहन किया जा रहा है ।

आपको बताते चलें सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार की जनपद के अधिकतर विद्यालय कमाई का जरिया स्कूलों की यूनिफार्म एवं किताबों को बेचकर कर रहे हैं, और मनमाने तरीके से कर रहे हैं। जबकि जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह ने बताया कि कोई भी विद्यालय किसी निश्चित दुकान या विद्यालय परिसर से ड्रेस और यूनिफॉर्म की बिक्री नही कर सकता है। यदि ऐसा कोई विद्यालय करता हुआ पाया गया तो उसके ऊपर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। लेकिन बेलगाम हो चुके कुछ विद्यालय जो अंग्रेजी माध्यम के नाम पर लूट मचा कर अभिभावकों को लूटने का कार्य कर रही है। डेवलपमेंट फीस के रूप में विद्यालय विकास के रूप में आदि तरह-तरह के शुल्क लगाकर विद्यालय द्वारा अवैध वसूली किया जा रहा है ।यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि नई शिक्षा नीति में भारतीय जनता पार्टी की सरकार अच्छी शिक्षा व्यवस्था देने का कार्य करने के लिए चेष्टा करती है। लेकिन उसके कार्यों को इन विद्यालयों द्वारा अवैध वसूली करके समाप्त कर दिया जा रहा है ।आखिर जिलाधिकारी इस मामले में कब संज्ञान लेते हैं और कब ऐसे विद्यालयों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी यह देखने वाली बात है। सरकार की मंशा है कि सभी को सुलभ अच्छी शिक्षा कम पैसे में मिले लेकिन विद्यालयों द्वारा सरकार की मंशा पर पलीता लगाया जा रहा है।

## मालगाड़ी से कटकर युवती की हुई मौत, घंटों बाधित रहा रेल

संवाददाता, बस्ती। बस्ती रेलवे स्टेशन के पूर्वी गेट पर मालगाड़ी से कटकर युवती की हुई मौत, घंटों बाधित रहा रेल यातायाबता दें कि बस्ती रेलवे स्टेशन के पश्चिमी गेट पाण्डेय बाजार क्रॉसिंग पर स्थित गेट संख्या 199 पर लगभग 20 मीटर आगे अप लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से 22 वर्षीय एक युवती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मालगाड़ी ट्रेन को ड्राइवर ने सुरक्षा कारणों से रोक दिया जिसके चलते घंटों यातायात बाधित रहा,हालांकि उस दौरान कोई बड़ी ट्रेन नहीं थी बावजूद इसके अफ्रा-तफ्री मची रही। वहीं शव की अभी शिनाख्त हो सकी है,थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा ने बताया की मौके पर रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है और शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

CMYK

# अन्तर्राष्ट्रीय अवबोध, अन्तर्राष्ट्रीयता की भावना के विकास से सम्भव है : डॉ संतोष अंश

## अंतर्राष्ट्रीय अवबोध में शिक्षा की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर । राणा प्रताप पीजी कॉलेज के बी एड विभाग ने बी एड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु एक विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया । इस संगोष्ठी का विषय अंतर्राष्ट्रीय अवबोध में शिक्षा की भूमिका रखा गया था । इस संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ बी एड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार सिंह अंश ने विषय रखते हुए कहा कि शिक्षा द्वारा हम व्यक्ति में विश्व नागरिकता, विश्व बन्धुत्व अन्तर्राष्ट्रीय की भावना, मानव-प्रेम और सहानूभूति की भावना उत्पन्न करने में सफल हो सकते हैं। अभी तक हमारा प्रयास अनेक स्कूलों, विषयों और कार्यक्रमों द्वारा राष्ट्रीयता का निर्माण करना रहा है। हमने अन्तर्राष्ट्रीयता के निर्माण पर बल नहीं दिया है। जब हमारा राष्ट्रीयता सम्बन्धी दायरा संकुचित हो जाता है तो राष्ट्रों के सह-अस्तित्व के नियम को खतरा सताने लगता है। इससे हमारा देश सब देशों से श्रेष्ठ' वाली प्रवृत्ति उत्पन्न होने लगती है। परिणामस्वरूप उपर्युक्त कारणों से शोषण की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है और राष्ट्रों के बीच संघर्ष होने लगता है। अत: हमारी शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का संकीर्ण राष्ट्रीय विकास तक सीमित नहीं होना चाहिए। उसे तो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस रूप में प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे सब में उदार अन्तर्राष्ट्रीयता और सह-अस्तित्व की भावन जन्म ले। अन्तर्राष्ट्रीय अवबोध, अन्तर्राष्ट्रीयता की भावना के विकास से सम्भव है। इसके लिए हमें बालकों में स्वतन्त्र चिन्तन और स्वतन्त्र निर्णय लेने की ऊर्जा पैदा करनी चाहिये। हम सभी शिक्षा-साधनों को चाहे वे औपचारिक हो या अनौपचारिक इस ऊर्जा के विकास के लिए उपयोग में ला सकते हैं। विद्यालय, परिवार, पुस्तक, प्रेस, नाटक, सिनेमा, रेडियो तथा टी0वी0 आदि का उपयोग इस दिशा में सफलतापूर्वक किया जा सकता है। विश्व में जितनी भी अच्छाइयाँ या बुराइयाँ जन्म लेती हैं उनके लिए संसार के सभी लोग समान रूप से जिम्मेदार होते हैं। यह बात शिक्षा द्वारा स्पष्ट की जानी चाहिए और बच्चों को बताया जाए कि किस तरह सामूहिक उत्तरदायित्व द्वारा विश्व में अच्छाइयाँ लायी जा सकती हैं और संसार की बुराइयाँ दूर करना सम्भव है। हम सब विश्वरूपी, कुटुम्ब के सदस्य हैं। हमें सह-अस्तित्व के सिद्धान्त के अनुसार एक-दूसरे से प्रेम तथा सहयोग करना चाहिए। यदि यह विश्वबन्धुत्व की भावना सभी राष्ट्र के नागरिकों में शिक्षा द्वारा लायी जाए तो इससे विश्वशान्ति के लिए अच्छे वातावरण का निर्माण होगा। इस संगोष्ठी में स्मिता तिवारी, शिवानी चौरसिया, प्रज्ञा अग्रहरि, शिवानी, वैशाली सिंह, प्रतिभा यादव, एलिना फातिमा,



प्रियंका प्रजापति, खुशनुमा ,आस्था, अनुराधा, अर्चिता यादव, विवेक ,सत्यम त्रिपाठी, संदीप सिंह, महेश कुमार गौंड आदि ने अपने विचार व्यक्त किए । इस संगोष्ठी का सफल संचालन सत्येंद्र शुक्ला ने किया। इस संगोष्ठी में बी एड प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में सक्रिय है संघ के स्वयंसेवक : डॉ अवधेश

## जरवल में शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जरवल खंड का शाखा संगम कार्यक्रम अट्ठैसा मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच विभाग के विभाग प्रचारक डॉ अवधेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह अंकुश कुमार ने किया। शाखा संगम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक डॉ अवधेश ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में संस्कार का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है और यह संस्कार सर्वप्रथम परिवार के द्वारा आता है। संस्कारवान व्यक्ति के द्वारा ही राष्ट्र निर्माण संभव है। संघ की नियमित लगने वाली शाखा में विभिन्न कार्यक्रमों एवं खेलों के माध्यम से व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वांगीण देशभक्ति तथा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा केवल खेल का स्थान नहीं है अपितु राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान करने वाले योग्य नागरिकों को तैयार करने की साधनास्थली है ।उन्होंने कहा कि संघ किसी का विरोधी नहीं अपितु संपूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज जीवन में संयुक्त परिवार के द्वारा संस्कार और प्रेरणा व्यक्ति को प्राप्त होती थी किंतु वर्तमान समय में संयुक्त परिवारों का विघटन सबसे बड़ी समस्या है, लोग एकल परिवार की ओर अग्रसर है इस कारण देश की भावी पीढ़ी, नौनिहालों को उचित संस्कार नहीं मिल पा रहे हैं,जिसके कारण परिवारों की स्थितियां खराब होती जा रही हैं, और तमाम समस्याएं पनप रही है। संघ के स्वयंसेवक कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से लगातार संयुक्त तथा संस्कारवान परिवार बने इसके लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक बिना किसी भेदभाव के हिन्दवा सोदरा: सर्वे, न हिंदूरू पतितो भवेत, मम दीक्षा हिंदू रक्षा, मम मन्त्र: समानता का भाव लेकर समरस समाज की स्थापना हेतु कार्य कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों की सक्रियता के कारण समाज को तोड़ने का कुचक्र रखने रचने वाली देश विरोधी शक्तियां भयभीत है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक 1 घंटे नियमित शाखा में 23 घंटा समाज में बिताते हैं इसलिए समाज के अंदर जो कुछ भी गतिविधियां चल रही हैं उस पर संघ के स्वयंसेवक की दृष्टि रहती है ।

# सजल नयनों व उदास मन से गोमती मित्रों ने निभाया अपना श्रमदान धर्म

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुल्तानपुर। गोमती मित्रों ने रविवार को को अपना साप्ताहिक श्रमदान बड़े ही उदास मन से शुरू किया, संरक्षक रतन कसौधन की धर्मपत्नी के असामयिक मृत्यु से सभी का मन दुखी था, व्यथित था लेकिन श्रमदान गोमती मित्रों का ऐसा धर्म और कर्म है जिसे वह हर परिस्थिति में निभाते हैं,कारण धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की गंदगी का सामना ना करना पड़े व असुविधा ना हो,प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन एवं मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने उनके निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया,सभी ने मां गोमती के तट पर दो मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति व परिवार को यह आघात सहने की शक्ति प्राप्त हो इसके लिए प्रार्थना की,दो घंटे श्रमदान समाप्त करने के बाद सभी संरक्षक के निज निवास पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए और हथिया नाला स्थित वैकुंठधाम पर अंतिम संस्कार पूर्ण होने तक उपस्थित रहे,उपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से मदन सिंह, रमेश माहेश्वरी, राजेंद्र शर्मा, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक, दिनकर सिंह, अजीत शर्मा, सेनजीत कसौधन दाऊ,रामेन्द्र प्रताप सिंह राणा, दीपक मोदनवाल, अनिल सिंह,अजय प्रताप सिंह,अजय वर्मा,सोनू सिंह,राकेश मिश्रा,अभय, तेजस्व पाण्डेय वासु,प्रद्धु, दीपू, प्रवेश आदि।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डीएम ने किया निरीक्षण

## मरीजों को उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बहराइच। ''यू.पी. सरकार का एक ही सपना, स्वस्थ स्वच्छ प्रदेश हो अपना'' की थीम पर जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले ''मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले'' की कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलौरा बासू में आयोजित स्वास्थ्य मेले का जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा व मनरेगा के के.डी. गोस्वाती व बीडीओ मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह, सीएचसी फखरपुर के अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर डीएम डॉ. चन्द्र ने 05 मरीजों को आयुष किट का वितरण किया तथा गोल्डेन कार्ड बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले पंचायत सहायक प्रिंस वर्मा को 50 रूपए का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया।

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र भिलौरा बासू में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आकस्मिक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप शुक्ला ने बताया कि निरीक्षण के समय तक ओपीडी में 22 मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवा इत्यादि का वितरण किया गया है। पैथालॉजी के माध्यम से कुल 20 जांचे की गई हैं। जिसमें सर्वाधिक 14 कोविड 03 मरीज एचआईवी सहित शेष अन्य की जांच की गई है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि पीएचसी अन्तर्गत 546 गोल्डेन कार्ड बना दिये गये हैं। अन्त्योदय के तहत 212 यूनिट के सापेक्ष 170 के कार्ड बना दिये गये हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि अवशेष पात्र लोगों के शीर्घ ही कार्ड बनवाएं। डीएम डॉ. चन्द्र ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभिनव पहल के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इससे सभी जरूरतमन्द लोगों विशेषकर बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं व ऐसे मरीजों जो प्राय: सफर नहीं कर सकते हैं, को बहुत लाभ होगा। मेले के आयोजन से उन्हें स्थानीय स्तर पर इलाज व जॉच के साथ-साथ सरकार द्वारा स्वास्थ्य व पोषण सेक्टर के लिए संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी प्राप्त



हो रहा है। डॉ. चन्द्र ने कहा कि ''यू.पी. सरकार का एक ही सपना, स्वस्थ स्वच्छ प्रदेश हो अपना'' की थीम पर आयोजित होने वाले स्वास्थ मेले में ओ.पी.डी. सेवाएं, टी.बी., मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से सम्बन्धित जानकारी, आवश्यक जॉच, उपचार एवं सन्दर्भन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। डीएम डॉ. चन्द्र ने लोगों से अपील की कि पात्रता रखने वाले सभी लोग अपना गोल्डेन कार्ड अवश्य बनवा लें ताकि आपको भी इनपैनल्ड हास्पिटल से 05 लाख तक इलाज की नि:शुल्क सुविधा मिल सके। डीएम ने लोगों से अपील की कि दूसरे लोगों को भी मेले की जानकारी प्रदान करे ताकि सभी लोग आयोजन का भरपूर लाभ उठा सकें।

# परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक मामलों की हुई काउंसिलिंग

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन मे परिवार परामर्श केन्द्र पर रविवार को काउंसलर फहीम किदवई, सर्वजीत सिंह, डीपी सिंह ,अनुराधा श्रीवास्तव व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, महिला आरक्षी विजयलक्ष्मी सिंह, निशा सिंह, राशि शुक्ला, किरन दुबे व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह-समझौते का प्रयास किया। महिला थाना पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों में परामर्शदाताओं के माध्यम से परिवारों को पुन: जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव ने बताया कि उनके समक्ष काफी ऐसी शिकायत थाने पर एवं उच्च अधिकारियों से प्राप्त होती हैं, जिनमें पति-पत्नी में घरेलू कलह होने कारण मुकदमें शुरू हो जाते हैं, पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर प्रत्येक रविवार को थाना परिसर में पक्षकारो के मध्य समझौता कराया जाता है। इस रविवार 03 मामलों में पति-पत्नी उनके सगे संबंधियों को बुलाया गया था। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव व टीम के अथक प्रयास से 03 परिवारों को बिखरने से बचाया गया हैं व उनकी साथ-साथ में विदाई करायी गयी है। 03 प्रकरण में सुलह समझौता किया गया, जिन पति-पत्नी की विदाई करायी गयी उनको भी अगले रविवार को कुशलक्षेम पूछने के लिए पुनरू बुलाया गया है जिससे सुलह की स्थिति से अवगत करा सकें। इस तरह से सुलह कराने से परिवारों को बिखरने से बचाने के लिए किये जा रहे प्रयास का सराहनीय कार्य किया गया है।



# आम आदमी और कम्पनी के बीच की कड़ी होते हैं लाइफमित्र : आरपी राजन

## मुख्य अतिथि और डेवलपमेंट मैनेजर विपिन अवस्थी की तरफसे किया गया सम्मानित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

रायबरेली। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की तरफसे एक बैठक का आयोजन किया गया। डेवलपमेंट मैनेजर विपिन अवस्थी की तरफसे आयोजित बैठक में आगामी सत्र को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा प्रदेश प्रवक्ता आरपी राजन और विशिष्ट अतिथि राम विलास यादव रहे। शहर के एक स्थानीय होटल में आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि आरपी राजन ने कहा कि वर्तमान समय में इंश्योरेंस सबकी जरूरत बन गई है। इंश्योरेंस के बिना इस समय आदमी का जीवन कुछ अधूरा सा रहता है। उन्होंने कहा कि आदमी और बीमा कम्पनी के बीच में जोड़ने का काम लाइफ मित्र ही करते हैं। हम सभी को इनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ही मुख्य अतिथि आरपी राजन, राम विलास और डेवलपमेंट मैनेजर विपिन अवस्थी की तरफसे पिछले सत्र में बेहतरीन कार्यों के लिये लाइफमित्रों को प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक विनय कुमार, दीपक कुमार, लाइफ मित्र वरुण कुमार, संम्पन्न मिश्रा, कृति मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



# प्रयागराज सिलेक्शन अड्डा ने विगत वर्षों की तरह फिर से रचा सिलेक्शन का इतिहास



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

प्रयागराज। एक बार फिर सिलेक्शन अड्डा ने आईबीपीएस पीओ और क्लर्क की सफलता में परचम लहराया है। रविवार को सिलेक्शन अड्डा की तरफसे परीक्षा में चयनित बच्चों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए उनको प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम की वजह से हजारों बच्चे जो सम्मान समारोह में सम्मिलित थे उनके अंदर एक जुनून जागा और उन बच्चों ने भी एक वादा किया कि अबकी बार हम लोग भी इस सफलता के सूची में शामिल होंगे। आपको बता दें कि प्रयागराज में स्थित सिलेक्शन अड्डा पूरे उत्तर प्रदेश की इकलौती एक ऐसी कोचिंग संस्थान बन चुकी है जो सिर्फसिलेक्शन के बल पर अपने आप को हमेशा से साबित करती रही है। अभी जल्द ही आए आईबीपीएस की परीक्षाओं में सिलेक्शन देके बच्चों ने एक इतिहास रचा। सिर्फएक परीक्षा के अंदर 24 बच्चों ने सिलेक्शन देकर यह साबित कर दिया की मेहनत के बल पर हर चीज संभव बनाया जा सकता है। सिलेक्शन अड्डा के अध्यापकों का मानना है कि हमें परीक्षा के नए पैटर्न को ध्यान में रखते हुए बच्चों को इस प्रकार से शिक्षा दिया जाना चाहिए कि हर विषय उनके लिए इंटरेस्टिंग लगे तथा हर विषय को बहुत सरल भाषा में बच्चों के दिमाग तक पहुंचाया जा सके। सिलेक्शन अड्डा एक ऐसी संस्था है जिसके द्वारा प्रत्येक रविवार को आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए स्पेशल कक्षाएं चलाई जाती हैं तथा परीक्षा में फॉर्म भरने से लेकर इंटरव्यू तक तथा जॉइनिंग के सफर तक हर मोड़ पर सिलेक्शन अड्डा बच्चों को गाइड करती है।

## साधन सहकारी समिति अध्यक्ष का हुआ शपथ ग्रहण

संवाददाता, बहराइच। साधन सहकारी समिति बालापुर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिहालदास मिश्र ने अपने पद और गोपिनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनुही अखिलेश कुमार पांडेय रहे। शपथ ग्रहण करने के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने किसानों को भरोसा दिलाया कि वे हर प्रकार की लड़ाई में किसानों के साथ है जिससे किसानों को लाभ मिले । खाद ,बीज अनाज के क्रय विक्रय में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नही होगी इसका भी भरोसा दिलाते हुए अध्यक्ष ने कहा कि गोदाम तक सामान आसानी से पहुंच सके इसके लिए आवश्यक इंतजाम करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा । इस अवसर पर काफी संख्या में किसान भाजपा के कार्यकर्ता दीनानाथ मिश्र , आनंद शुक्ला बडकन्ने,साधू पांडेय, रविंद्र सिंह ,राम उजागर गोस्वामी उपाध्यक्ष ,सहज राम शुक्ला ,बछराज सिंह ,राम सखर शुक्ल,अभिमन्यु सिंह ,राजेंद्र प्रसाद तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

## प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न जागरण अभियान को लेकर आयोजित हुई संगोष्ठी

संवाददाता, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र द्वारा निर्धारित कार्यक्रम प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न जागरण अभियान संगोष्ठी का आयोजन नवाबगंज मंडल के ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा जितेन्द्र प्रताप सिंह , विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह एवं जिला प्रवासी क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र किसान मोर्चा गोपाल शरण सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक भीमसेन मिश्रा मंडल अध्यक्ष रुपईडीहा रहे। मुख्य वक्ता द्वारा श्री अन्न जागरण के अंतर्गत मोटे अनाज किस प्रकार से हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक एवं लाभदायक है, इस बारे में विस्तृत जानकारी और प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी किसान भाइयों को दी और पदयात्रा कर जनता को मोटे अनाज के उपयोग और प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रूपईडीहा अजय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष नवाबगंज कमलेश वर्मा, जिला सोशल मीडिया किसान मोर्चा अभिषेक गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाठक, ललित त्रिपाठी,मंडल उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा दिनेश त्रिपाठी किसान मोर्चा मंडल महामंत्री कृष्णपाल वर्मा मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा इंजीनियर आरके सिंह, शेर सिंह समाजसेवी शिवपूजन सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य अग्रवाल काली प्रसाद एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

## किसान पर आई मुसीबत, कटाई कर रखे गेहूं के ढेर में लगी आग

संवाददाता, बहराइच। जिले के ग्राम बस्थनवा निवासी एक किसान के खेत में लगे फसल की ढेर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से 10 बीघा की फसल पूरी तरह से राख हो गई। किसान ने थाने में तहरीर दी है। मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकाही बस्थनवा निवासी बिहारी पुत्र पुत्ती किसान हैं। बिहारी ने बताया कि गेहूं की फसल तैयार हो गई थी। जिस पर उन्होंने फसल की कटान कर उसका ढेर खेत में लगाया था। इसके बाद मड़ाई के लिए वाहन की तलाश कर रहा था, रविवार को गेहूं मड़ाई का कार्य होता। लेकिन इससे पूर्व ही शनिवार रात में अज्ञात कारणों से फसल के ढेर में आग लग गई। ऐसे में किसी द्वारा आग लगाए जाने की आशंका है। किसान के मुताबिक 10 बीघा फसल जल कर राख हो गई है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। पत्र मिलने पर जांच के बाद केस दर्ज किया जाएगा।

CMYK

# दिव्यांगजनो ने किया अन्तर जातिय विवाह समारोह

संवाददाता



कानपुर। विकलांग एसोसिएशन ने दिव्यांगजनो का सामूहिक विवाह शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में संपन्न हुआद्य कन्या दान एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, ऊषा पुरी ने किया विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रमिक नेता विजय सिंह मर्तोलिया ने वर वधुओं को अपना आशीर्वाद दिया आज के सामूहिक विवाह मे एक हांथ से दिव्यांग प्रदीप कुमार दुबे का पैर से दिव्यांग प्रियंका गुप्ता से , एक हांथ व एक पैर से दिव्यांग अवनीश कुमार का एक हांथ से दिव्यांग कुमारी बेबी गुप्ता से , सकलांग जसवंत वर्मा ने एक पैर से दिव्यांग कुमारी ललिता वर्मा से , सकलांग किशन निषाद ने आंशिक वधिर कुमारी रितु देवी से , सकलांग शिव शंकर का एक हांथ से दिव्यांग कुमारी सपना सू विवाह संपन्न हुआ अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आयोजन में सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किया वीरेन्द्र कुमार ने कहा की सामूहिक विवाह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगाद्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशी दिलाई जायेगीद्य घर बसओ पुण्य कमाओ अभियान जारी रहेगा आज के कार्यक्रम में विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, विजय सिंह मर्तोलिया, ऊषा पुरी, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, आनन्द तिवारी, अरविन्द सिंह, वैभव दीक्षित, ह्रदेश सिंह, प्रमोद मिश्रा, तन्मय श्रीवास्तव, गौरव कुमार आदि ने सहयोग किया।

## माफिया अतीक के घर हिसाब-किताब के रजिस्टर में मिला पोस्टर

संवाददाता, प्रयागराज। यह पोस्टर माफिया अतीक अहमद के घर में रखे हुए एक रजिस्टर में पुलिस को मिला है।विगत दिनों पुलिस ने माफिया अतीक अहमद के चकिया स्थित घर पर छापा मारा। छानबीन के बाद पुलिस को यहां रजिस्टर के अंदर एक पोस्टर, काला बैग और डायरी मिली थी।पोस्टर में अतीक की फोटो के साथ स्लोगन लिखा था- रात कितनी भी काली हो, सवेरा जरूर होता है। इस पोस्टर ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। यह पोस्टर आखिर में किस मकसद से बनवाया गया था।यह एक संदेहास्पद मुद्दा है। इसके पीछे राज क्या है? पुलिस जांच कर रही है कि यह पोस्टर किसने बनवाया। पोस्टर की कितनी प्रतियां हैं? इस बारे में पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी। हालांकि, सूत्रों की माने तो,रजिस्टर के अंदर कुछ ही प्रतियां रखी थी। यह सैंपल टाइप का लग रहा था। जिस रजिस्टर में पोस्टर रखे थे उसमें कुछ हिसाब-किताब भी लिखा था।यह फोटो 26 मार्च की है जब अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज की नैनी जेल लाया गया था।

21 मार्च को पुलिस ने घर पर छापा मारा था........

इससे पहले 21 मार्च को भी पुलिस ने इस घर पर छापा मारा था। उस समय यहां से 74 लाख रुपए कैश, 9 पिस्टल, 1 तमंचा और कारतूस बरामद किया था। अतीक के गुर्गों ने कैश और हथियार को दीवारों और फर्श में दबाकर रखा था। अतीक का यह घर 2020 में अवैध निर्माण के चलते गिरा दिया गया था। अब यह खंडहर पड़ा हुआ है। इससे पहले, 27 फरवरी को अतीक के यूनिवर्सल अपार्टमेंट स्थित फ्लैट से भी पुलिस ने दो लग्जरी कारों को जब्त किया था। कुछ शूटरों के इस अपार्टमेंट में शरण लेने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापा मारा था। उमेश पाल की हत्या के बाद एक्शन में पुलिस....... 24 फरवरी को उमेश पाल की हत्या के बाद पुलिस ने अतीक और उसके गैंग पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस उमेश के शूटर्स तक पहुंचने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

# श्रीमद् भागवत कथा का होगा भव्य आयोजन : ज्योतिषाचार्य नरेन्द्र शास्त्री

संवाददाता




कानपुर। काली मठिया, महाकालेश्वर मन्दिर, मोतीझील गेट स्वरुप नगर कानपुर में बाबा महाकाल यज्ञ सेवा समिति (रजि0) के बैनर तले श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ आयोजन धूमधाम से मनाया जायेगा, प्रेसवार्ता में मुरारीलाल अग्रवाल ने बताया कि आयोजन का रूप भव्य बनाने का प्रयास समिति द्वारा किया जा रहा है. आयोजन में शहर एवं अन्य नगरों से भी सन्तवृन्दों के आने की रचना हैं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य नरेन्द्र शास्त्री ने बताया कि यह बाबा महाकाल का उत्सव विगत 24 वर्षो से हो रहा है। वृन्दावनधाम से परम श्रद्धेय आचार्य अभिषेक शुक्ल जी महाराज जी, व्याकरणाचार्य अमृतमयी कथा से भक्तों को आनान्दित करेंगे, वृन्दावन से आये हुए कलाकारों के द्वारा सुन्दर सी झॉंकियों के दर्शन होगे, कथा का समय 4.00 बजे से 8. 00 बजे तक रहेगा, उसी क्रम में 10 अप्रैल को कलश, पोथी एवं रथयात्रा सायं 04.30 बजे से मन्दिर प्रांगण से निकलेगी, और क्षेत्र में भ्रमण पश्चात् मन्दिर प्रांगण में ही यात्रा का समापन होगा, यात्रा में गुरुकुलों के बटुकों एवं संत भगवान का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है. माताऐं पीली साडी व पुरुष स्वेत वस्त्रों में यात्रा की शोभा बढ़ायेगें। यात्रा का भव्य रूप तैयार किया जा रहा है। इस दौरान प्रेसवार्ता में, ज्योतिषाचार्य नरेन्द्र शास्त्री, दीपा निगम, अजित श्रीवास्तव, असीम श्रीवास्तव, मुरारीलाल अग्रवाली चौयरमैन एम0एल0ए0 ग्रुप वीरेन्द्र मिश्र जे0 पी त्रिपाठी विष्णु कुमार झा नरेन्द्र मिश्रा ज्योतिषाचार्य नरेन्द्र शास्त्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे

# गुलावटी में राष्ट्रीय डांस चैंपियनशिप के ग्राउंड ऑडिशन और वर्कशॉप बिलकुल मुफ्त



संवाददाता, हापुड़। हापुड़ में फैशन गुरु का हुआ प्रेस वार्ता। फैशन गुरु एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के चल रहे राष्ट्रीय स्तर डांस प्रतियोगिता का उत्तर प्रदेश राज्य के फाइनल हेतु ग्राउंड ऑडिशन अलग अलग जिलों में कराई जा रही है। फैशन गुरु के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुकुल मयंक ने बताया कि फैशन गुरु राष्ट्रीय स्तर डांस प्रतियोगिता कोलोसोल डांस दिवा का ग्राउंड ऑडिशन 9 अप्रैल को गुलावटी के एन आर ग्लोबल स्कूल गुलावटी, बुलंदशहर में कराई जा रही है जो बिलकुल मुफ्त ग्राउंड ऑडिशन रखी गई है जिसमे डांस टॉक और फ्री वर्कशॉप भी रखा गया है। बच्चों को चयन कर उत्तर प्रदेश राज्य स्तर के लिए भेजा जाएगा। राज्यों के विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा जहां उनके लिए 20 लाख तक की धनराशि रखी गई है। फैशन गुरु के उत्तर प्रदेश असोसिएट धर्मेन्द्र कुमार प्रामूष् जी ने बताया की इसके ग्राउंड ऑडिशन उत्तर प्रदेश के 10 से 15 जगह पर रखी जाएगी जैसे हापुड़, बुलंदशहर, खुर्जा, मेरठ, मुरादाबाद, बाबूगढ़, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज के साथ साथ बच्चो की सुविधा के लिए हमलोग और भी जिलों को शामिल कर रहे है। हापुड़ में ऑडिशन मई फर्स्ट वीक में रखी जाएगी। मौके पे मौजूद फैशन गुरु के यू.पी. को असोसिएट माइकल जी ने बताया की गुलावटी में ऑडिशन की तैयारी हो चुकी है। उन्हों बताया स्कूल के बच्चो और डांस अकादेमियो को भी आमंत्रण दिया गया है, सभी इतनी बड़ी ऑपर्च्युनिटी के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहे है। फैशन गुरु के यू.पी. मार्केटिंग हेड मनप्रीत खैरा जी ने बताया की बच्चो के भविष्य के लिए काफी सोचा गया है हमारी कंपनी फैशन गुरु के द्वारा और पूरी पारदर्शिता भी रखी जाएगी। मौके पे मौजूद एफ्जी यू.पी. मेम्बर मॉडल शेखर जी ने बताया हापुड़ के साथ साथ सभी ऑडिशन की तैयारी काफी अच्छी की जा रही है ताकि बच्चो को कोई तकलीफ न हो और सभी डांस आर्टिस्ट से गुजारिश है की ऐसा मौका बार बार नही आता तो आपलोग इस ऑपर्च्युनिटी को बिलकुल मिस न करे। सभा में नितिन वर्मा, करिश्मा वर्मा, दीपक कपूर, माही कपूर, काजल,यशिका,शालिनी, जिया, शानू और संजना भी मौजूद थे।

# 1603 उपाधियां, पीजी में 33, यूजी में 16 स्वर्ण पदक मिले

## आप सभी छात्र-छात्रायें डिग्री पाने के बाद देश सेवा में अपना समग्र योगदान देंगे : लोकसभा अध्यक्ष





संवाददाता, प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का 19वां वार्षिक दीक्षांत समारोह शनिवार को मनाया गया। इस समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावियों को उपाधि प्रदान की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ओम बिरला अध्यक्ष लोकसभा, पद्मश्री डॉ. विनोद कुमार सिंह चेयर प्रोफेसर आईआईटी कानपुर, विशिष्ट अतिथि सांसद फूलपुर, एमएनएनआईटी इलाहाबाद प्रोफेसर रमाशंकर वर्मा, डीन(एकेडेमिक) प्रोफेसर एल. के.मिश्रा सहित कुलसचिव डा. रमेश पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापर्ण तथा दीप प्रज्वलन करके किया गया। प्रोफेसर एल के मिश्रा ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला ने डिग्री प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी.......... मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला ने डिग्री प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुये कहा कि हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सभी छात्र-छात्रायें डिग्री पाने के बाद देश सेवा में अपना समग्र योगदान देंगे। प्रयागराज की धरती, ऋषि मुनियों व साहित्यकारों की धरती है। यह आप सभी का सौभाग्य है कि आपको तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने का अवसर प्रयागराज की धरती पर मिला। आपने जो तकनीकी ज्ञान के रूप में जो उयलब्धि पायी है उसके अनुभव का लाभ देश को मिले, समाज को मिले, जिससे एमएनएनआईटी इलाहाबाद का तथा आपके माता-पिता का नाम रौशन हो। भारत के 21वीं सदी का नौजवान जब डिग्री प्राप्त कर निकलता है तो दुनिया की समस्याओं का समाधान करने का जज्बा रखता है। उद्बोधन के क्रम में फूलपुर सांसद केसरी देवी ने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी छात्र -छात्राओ का बधाई दी। पद्मश्री डॉ. विनोद कुमार सिंह छात्र छात्राओं को जीवन के पथ पर ईमानदारी व निष्ठा से आगे बढने की शिक्षा दी। उन्होने जीवन में समय की पाबन्दी के महत्व का बतलाया। निदेशक रमाशंकर वर्मा ने संस्थान की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये बताया कि संस्थान के पुरा छात्रों ने संस्थान को एलईडी वीडियों वाल दान किया है। संस्थान के शिक्षकों ने सब्जियों, फल, करेन्सी इत्यादि को सैनेटाइज करने के लिये लोकास्ट डिवाइस वाइरोलाइजर 1.0 का निर्माण किया। संस्थान चहुंदिशाओं खेल,सांस्कृतिक, विज्ञान व तकनीकी के क्षेत्र में अपनी सफलता का झण्डे फहरा रहा है। संस्थान के छात्र विश्वस्तर पर संस्थान का नाम रोशन कर रहे है। छात्र क्रियाकलाप केन्द्र द्वारा नमामि गंगे, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत परियोजना के अंतर्गत कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। 1603 डिग्रियां,स्नातकोत्तर छात्रों को 33 स्वर्ण पदक, स्नातक छात्रों को 16 स्वर्ण पदक,13 प्रायोजित स्वर्ण पदक मिले. 19वें दीक्षांत समारोह-2022 के दौरान कुल 1603 डिग्रियां प्रदान की गयी। जिनमें 919 बी.टेक., 436 एम.टेक., 99 एमसीए, 45 एमबीए, 22 एम.एससी. और 82 पीएच.डी. विद्वानों को डिग्रियां दी गयी। दीक्षांत समारोह के दौरान डासा के माध्यम से भर्ती हुए 59 विदेशी छात्रों तथा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के माध्यम से प्रवेश पाने वाले 06 विदेशी छात्रों को भी डिग्री प्रदान की गयी। संस्थान के मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। स्नातकोत्तर छात्रों को 33 स्वर्ण पदक और स्नातक छात्रों को 16 स्वर्ण पदक दिए गये।

इन स्वर्ण पदकों के अलावा संकाय, पूर्व छात्रों और उद्योग द्वारा 13 प्रायोजित स्वर्ण पदक छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किए गये। बता दें कि कुल 1603 डिग्रियां प्राप्त करने वालों में 304 छात्राओं को डिग्री प्रदान की गयी। कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग शाखा के आर्यन मित्तल और इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग की पलक मिश्रा को बीटेक फाइनल ईयर के पासिंग आउट बैच 2022 के छात्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये समग्र संस्थान स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

# देश को धर्म के आधार पर बाँटा जा रहा है : राजेश

## रोजा इफ्तार मशाल जुलूस और नुक्कड़ सभा में शामिल हुए कांग्रेसी

संवाददाता



प्रयागराज। पुराने कोल्ड स्टोर सहसों चौराहे पर रोजा इफ्तार मशाल जुलूस और नुक्कड़ सभा आयोजित हुई जिसके संयोजक ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य अशफाक अहमद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री और कांग्रेस पार्टी के महासचिव राजेश तिवारी रहे। कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए तिवारी ने कहा कि 2024 का चुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच होगा एक तरफ धर्म की आधार पर देश को बांटा जा रहा है दूसरी ओर कांग्रेस भाईचारा कायम करने के लिए तथा देश में सौहार्द का वातावरण बनाए रखने के लिए राहुल गांधी ने 3500 किलोमीटर की पदयात्रा की। पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि अडानी के खाते में 20000 करोड़ रुपए कहां से आए और किसके हैं इसका जवाब जब तक नहीं मिलेगा तब तक कांग्रेस पार्टी भाजपा के प्रधानमंत्री मोदी से इसका हिसाब मांगती रहेगी और आंदोलनरत रहेगी। वरिष्ठ नेता शेखर बहुगुणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस धार्मिक उन्माद पैदा कर रही है जो न केवल देश की एकता लिए खतरा है बल्कि इससे देश भी कमजोर होगा। डा.जगत नारायण सिंह ने कहा कि यह देश गांधी का है पंडित जवाहरलाल नेहरू सरदार वल्लभभाई पटेल मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे कई नेताओं ने देश की अखंडता के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी। रश्मिता दुबे ने कहा कि देश में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं कुकिंग गैस व पेट्रोल के दामों में वृद्धि से जनता बेहाल है। शरद उपाध्याय ने कहा कि देश की जनता जाग चुकी है और भाजपा के झूठ को पहचान ली है। पूर्व विधायक जवाहर लाल दिवाकर ने कहा कि भाजपा के झूठे आश्वासनों से देश का किसान,युवा,व्यापारी अपने आप को छला महसूस कर रहा है। कार्यक्रम के आयोजक एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद ने आये हुए सभी अतिथियों एवं कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सबका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर। शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन,वरिष्ठ नेता कमला कान्त मिश्रा,कर्मचारी नेता सुभाष पाण्डेय,देवराज उपाध्याय,डा.साधू चरण तिवारी,डा.मुन्ना,कृष्ण कुमार द्विवेदी,ओम प्रकाश तिवारी, राकेश पासवान,सुभाष यादव झोटी,राम किशन पटेल, दिवाकर भारतीय,अजीत भारतीय,राम अभिलाष प्रजापति, मोहम्मद सददाम,छम्मन नेता, मोहम्मद यूसुफ दत्ता त्रिपाठी, इश्तियाक अहमद, सुरेन्द्र यादव, विनोद विश्वकर्मा, मोहम्मद शमीम प्रधान, बाबा विश्वकर्मा,शिवलाल यादव, मोहम्मद अरमान,गोविंद सिंह,भीम मिश्रा,अशोक मिश्रा,आशीष पांडे, अनुपम श्रीवास्तव,महबूब राईन,शिव चन्द बिंद,नसीम हाशमी, अशोक यादव,गुलाब यादव,बार अध्यक्ष अरविंद यादव,अर्जुन प्रधान, राजेश राकेश,राजन,लखन गौतम,नंदू पासी, मास्टर समर बहादुर पटेल,घनश्याम पटेल प्रधान,संगम लाल गुप्ता,राजेन्द्र मोहन मिश्रा,कैफ वारसी,बृजेश,राम प्यारे मिश्रा,मोहम्मद वसीम,हलीम अंसारी,भोला तिवारी,सलीम टाइगर,एकलाख अहमद,शेषमणि पटेल,आदि लोग उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्र छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तक एवं छात्रवृत्ति वितरण किया गया

संवाददाता



कानपुर। जवाहर नगर स्थित ओमकारेश्वर विद्यालय में श्री कल्याणी शंकर स्मृति सेवा समिति के संरक्षक मा0 एस0डी0 श्रीवास्तव ने मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के समुचित विकास हेतु छात्रवृत्ति की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं होनहार विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करती है। कभी-कभी देखा जाता है कि परिस्थितियों वश प्रतिभा का समुचित विकास नहीं हो पाता है। यह छात्रवृत्ति वितरण का कार्यक्रम ऐसे विद्यार्थियों तक पहुँचने का एक प्रयास है। श्री कल्याणी शंकर स्मृति सेवा समिति के उपाध्यक्ष डॉ0 अंगद सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। सचिव डॉ0 पूजा अवस्थी ने हरित पौध भेंट किया। समाजसेवी मा0 अवध बिहारी मिश्रा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य महानुभावों का परिचय कराते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कु0 इशिता सिंह ने किया। विद्यालय की छात्राओं ने त्याग एवं सेवा भावना से परिपूर्ण गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। विद्यालय छात्र संसद की प्रधानमंत्री कु0 अपर्णा सिंह ने मुख्य अतिथि एवं अन्य महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कल्याणी शंकर स्मृति सेवा समिति के कोषाध्यक्ष आर0 के0 सिंह, प्रतिभा श्रीवास्तव, माण्डवी शुक्ला, शिखा शुक्ला, मधुमिता आदि लोग उपस्थित रहे।

# दलित समाज के घरों के बाहर भारे पानी के निस्तारण को समाधान दिवस में पहुंचे ग्रामीण



संवाददाता, हापुड़। जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मतनौरा मैं दलित समाज के घरों में जलभराव से ग्रामीण आये दिन परेशान हो रहे हैं जलभराव की परेशानी को देखते हुए ग्राम प्रधान संजीव गुर्जर ने समाधान दिवस के मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों के साथ थाना बाबूगढ़ में एक प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे और समाधान दिवस में अपनी समस्या रखी और कहा है। कि दलित समाज के घरों का पानी का निस्तारण कृपया जल्द से जल्द कराएं इसी विषय में थाना प्रभारी हेम सिंह सैनी ने ग्रामीणों को दिया आश्वासन कि सोमवार तक आपके घरों के सामने जो पानी भरा हुआ है उसका जल्द से जल्द निस्तारण कर दिया जाएगा।

# तीर्थ सागर इंडस्ट्री द्वारा तीर्थ मसाले का प्रचार प्रसार कर हुआ विमोचन

संवाददाता

हापुड़। हापुड़ के मोदीनगर रोड पर स्थित संस्कृति मैरिज होम गोयना में शनिवार को सम्राट ग्रुप के चेयरमैन विनोद सागर द्वारा स्थापित तीर्थ सागर इंडस्ट्रीज द्वारा रसोई घर में इस्तेमाल होने वाले तीर्थ मसाले हल्दी धनिया जीरा मिर्च व चाय पत्ती का प्रचार प्रसार कर सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ मुख्य अतिथि अतुल निगम मैनेजर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आयोजक कर्ता अमित तिवारी प्रोपराइटर कविता सागर व चेयरमैन विनोद सागर इंजीनियर सरवन पांडे विक्रम कॉल रजनीश पायलट, गीता सीईओ सतीश कुमार एमडी व पिंकी गौतम द्वारा किया गया जिसमें सेल्स मैनेजर फील्ड ऑफिसर व मार्केटिंग करने वाले युवक युवतियों व महिलाओं के साथ साथ दूर दराज से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वही तीर्थ सागर इंडस्ट्रीज के चेयरमैन ने बताया है कि मैं पिछले 18 वर्षों से बेरोजगार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ता आ रहा हूं और 2008 से लक्ष्य को हासिल करते हुए यहां तक पहुंचा हूं तीर्थ सागर इंडस्ट्रीज हापुड़ तीर्थ मसाले का यह पांचवा बिजनेस है। क्योंकि ईमानदारी व मेहनत से लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। मैंने पिछले 12 वर्षों से अपने रिश्तेदार व परिवार के सदस्यों को समय ना देते हुए और त्यौहार पर बेफिजूल खर्चा ना कर उन पैसों से बिजनेस तैयार किया है मेरा मकसद है कि औरों की नौकरी से अच्छा है अपना खुद का बिजनेस तैयार कर बेरोजगारों के लिए बिजनेस तैयार किया है और तीर्थ सागर इंडस्ट्रीज के स्थापना दिवस पर ज्यादा व्यापार करने वाले युवक-युवतियों को सम्मान स्वरूप अपने निजी खर्चे पर मोटरसाइकिल स्कूटर के साथ-साथ एसी देने की घोषणा की साथ ही उन्होंने अपना जीवन परिचय बताते हुए कहा कि मुझे पता है कि 1991 92, 93 में मैंने खुद रिक्शा ,मूंगफली व सब्जी व फल फरूट के ठेले लगाकर किस प्रकार मैंने मेहनत की है यह आज उसी का फल है जो पांचवा व्यापार के रूप में तीर्थ सागर इंडस्ट्रीज तैयार हुई है।

वही समाजसेवी विकास दयाल ने तीर्थ सागर इंडस्ट्रीज के चेयरमैन को नये व्यापार के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी तथा उपस्थित सम्राट ग्रुप के सदस्य राजेश पायलट ने विनोद सागर द्वारा स्थापित तीर्थ सागर इंडस्ट्रीज के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि विनोद सागर जैसा व्यक्ति आज की दुनिया में नहीं मिलगा जो खुद के बारे में कम औरों के लिए ज्यादा सोचते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य बेरोजगारों को रोजगार देकर उनके उज्जवल भविष्य को संभालना है इस मौके पर समाजसेवी विक्रम कॉल, विकास दयाल, लोकेश अकेला,जयंत सिंह,अनुराग रावण, सतीश कुमार, श्वेत कुमार, नितिन कुमार, एडवोकेट सुनील आजाद अशोक आजाद दूरदराज से आए लोग मौजूद रहे।



# सरकार की अगले पांच साल में ढाई लाख मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोडने की योजना



एजेंसी, नयी दिल्ली। सरकार ने 2030 तक पांच लाख मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के लिये अगले पांच साल में ढाई लाख मेगावॉट हरित ऊर्जा क्षमता जोडने की योजना बनाई है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बयान में कहा कि सरकार ने अगले पांच साल में यानी 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 तक हर वर्ष 50,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लिये बोलियां आमंत्रित करने का फैसला किया है। इसमें कहा गया है कि ये सालाना बोलियां अंतरराज्यीय पारेषण व्यवस्था (आईएसटीएस) से जुडी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लिये होंगी। इसमें हर साल 10,000 मेगावॉट पवन ऊर्जा क्षमता सृजित करने की योजना शामिल है। पिछले सप्ताह केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने योजना को अंतिम रूप दिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी 26) में हरित स्रोतों से पांच लाख मेगावॉट ऊर्जा क्षमता (नवीकरणीय और परमाणु ऊर्जा) हासिल करने की घोषणा के अनुरूप है। देश में 28 फरवरी, 2023 की स्थिति के अनुसार, कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 1,68,960 मेगावॉट है। करीब 82,000 मेगावॉट क्रियान्वयन के विभिन्न स्तरों पर और 41,000 मेगावॉट निविदा चरण में हैं। बैठक में इस बात पर गौर किया गया कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को चालू होने में डेढ से दो साल का समय लगता है। इसको देखते हुए 2030 तक पांच लाख मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के लिये 2,50,000 मेगावॉट क्षमता जोडने की योजना बनाई गई। बिजली मंत्रालय पांच लाख मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लिये पारेषण व्यवस्था को बेहतर बनाने और नई क्षमता जोडने पर काम कर रहा है। बैठक में सिंह ने कहा, ''भारत ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में प्रमुख देशों में से एक है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जिस रफ्तार से वृद्धि हुई, यह उसका सबूत है। हम 2030 तक पांच लाख मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिये प्रतिबद्ध हैं और जो बोलियों की जो योजना बनी है, वह इसे साकार करेगी।''

# अफगानिस्तान की महिला कर्मचारियों को तालिबान ने देश में काम करने से रोका : सं. रा.




एजेंसी, इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में सत्तारूढ तालिबान ने देश में संयुक्त राष्ट्र की कर्मचारियों के रूप में कार्यरत अफगानी महिलाओं के काम करने पर रोक लगा दी है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र मिशन ने उसकी महिला कर्मचारियों को पूर्वी नांगरहार प्रांत में काम करने से रोकने की खबरों पर '' गंभीर चिंता'' व्यक्त की। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, '' हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी रास्ते अपनाना जारी रखेंगे कि हम सबसे संवेदनशील लोगों, खासकर महिलाओं और लडध्कियों तक कैसे पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों को ''विभिन्न माध्यमों'' से बताया गया कि प्रतिबंध पूरे देश में लागू है। तालिबान के प्रवक्ता ने तुरंत इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है और न ही संगठन ने कोई बयान जारी किया है। गौरतलब है कि तालिबान ने 2021 में अफगानिस्तान की बागडोर अपने हाथ में लेने के बाद से महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर प्रतिबंध लगाए हैं। लडकियों के छठी कक्षा के बाद स्कूल जाने पर रोक है और पिछले साल तालिबान ने महिलाओं के विश्वविद्यालयों में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। पार्क आदि में पुरुष के बिना महिलाएं नहीं जा सकती और महिलाओं को सिर से लेकर पैर तक खुद को ढकना अनिवार्य है। तालिबान ने मानवीय सहायता के वितरण को बाधित करते हुए अफगानिस्तान की महिलाओं के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों के लिए काम करने पर भी रोक लगा दी गई है। दुजारिक ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि'' इस तरह का कोई भी प्रतिबंध अस्वीकार्य और स्पष्ट रूप से समझ से परे है।'' उन्होंने कहा, '' हम यह पता लगा रहे हैं कि इसका देश में हमारे कार्यक्रम पर क्या असर होगा और हम काबुल में अधिकारियों के साथ कल और बैठकें कर सकते हैं जिसमें स्थिति कुछ स्पष्ट होने की उम्मीद है। दुजारिक ने कहा कि जमीनी स्तर पर जीवन बचाने वाले संयुक्त राष्ट्र के अभियानों को अंजाम देने के लिए महिला कर्मचारियों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि करीब चार करोड लोगों की आबादी में से, ''हम मानवतावादी सहायता के जरिए 2.3 करोड, पुरुष, महिलाओं और बच्चों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।'' अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मिशन यूएनएएमए का नेतृत्व रोजघ ओटुनबायेवा कर रही हैं। वह किर्गिज, गणराज्य की पूर्व राष्ट्रपति और विदेश मंत्री रह चुकी हैं। उन्हें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समन्वय में महासचिव द्वारा नियुक्त किया गया था। दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ नेतृत्व के संबंध में तालिबान ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है।

# रिलायंस, जियो ने बैंकों के समूह से जुटाया पांच अरब डॉलर का कर्ज


एजेंसी, नयी दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी दूरसंचार इकाई जियो इन्फोकॉम ने विदेशी मुद्रा ऋण के रूप में विभिन्न बैंकों के समूह से दो बार में कुल पांच अरब डॉलर जुटाए हैं, जो भारत के कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बडा सिंडिकेट कर्ज (बैंकों,वित्तीय संस्थानों के समूह से लिया गया ऋण) है। सूत्रों ने बताया कि पिछले सप्ताह रिलायंस ने 55 बैंकों से तीन अरब डॉलर जुटाए थे, वहीं रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने 18 बैंकों से अतिरिक्त दो अरब डॉलर का कर्ज लिया है। उन्होंने बताया कि तीन अरब डॉलर का कर्ज 31 मार्च तक लिया जा चुका था जबकि दो अरब डॉलर इसी हफ्ते मंगलवार को जुटाए गए हैं। रिलायंस जियो इस कोष का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय के लिए करेगी और जियो देशभर में 5जी नेटवर्क शुरू करने पर यह राशि खर्च करेगी। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक रूप से तीन अरब डॉलर का ऋण 55 ऋणदाताओं से जुटाया गया जिनमें ताइवान के करीब दो दर्जन बैंकों के अलावा बैंक ऑफ अमेरिका, एचएसबीसी, एमयूएफजी, सिटी, एसएमबीसी, मिझुहो तथा क्रेडिट एग्रिकोल जैसे वैश्विक बैंक शामिल हैं। प्राथमिक कर्ज को मिली बढध्यिा प्रतिक्रिया के बाद दो अरब डॉलर का अतिरिक्त कर्ज लेने का फैसला हुआ। इसके बाद, दो अरब डॉलर का नया कर्ज भी 55 कर्जदाताओं से समान शर्तों पर लिया गया।

# स्टैंड-अप इंडिया' योजना के तहत सात साल में मंजूर किया गया 40,700 करोड रुपये का कर्ज




एजेंसी, नयी दिल्ली। जमीनी स्तर पर उद्यमिता को बढावा देने के लिए बैंकों ने पिछले सात साल में स्टैंड-अप इंडिया अभियान के तहत 1.80 लाख से अधिक लाभार्थियों को 40,700 करोड रुपये से अधिक का कर्ज मंजूर किया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक सशक्तीकरण और रोजगार सृजन है। पांच अप्रैल, 2016 को शुरू की गई स्टैंड-अप इंडिया योजना को 2025 तक बढा दिया गया है। इस योजना के तहत सभी बैंक शाखाओं को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को कर्ज देकर अपने खुद के उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने योजना के सात साल पूरे होने के मौके पर कहा, ''यह मेरे लिए गर्व और संतोष की बात है कि 1.8 लाख से अधिक महिलाओं और अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को 40,600 करोड रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।'' उन्होंने कहा कि स्टैंड-अप इंडिया योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढघवा देने के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि योजना ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की शाखाओं से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को निर्बाध ऋण सुनिश्चित किया है।

# ट्रंप बोले-अमेरिका बन रहा 'असफल राष्ट्र, 'कट्टर वामपंथी मूर्ख कर रहे चुनाव में हस्तक्षेप



एजेंसी, न्यूयॉर्क । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 में राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले अश्लील फिल्मों की एक अभिनेत्री (पोर्न स्टार) को मुंह बंद रखने के लिए धन देने के मामले में स्वयं पर आपराधिक आरोप लगाए जाने की निंदा की और कहा कि अमेरिका अब एक ऐसा ''असफल राष्ट्र बन गया है, जहां ''कट्टर वामपंथी मूर्ख कानून प्रवर्तन का इस्तेमाल कर चुनावों में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। इससे पहले, ट्रंप (76) ने मंगलवार को मैनहट्टन की एक अदालत में पेशी के दौरान कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने संबंधी 34 संगीन आरोपों में खुद को निर्दोष बताया। ट्रंप 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान अश्लील फिल्मों की अभिनेत्री स्टार्मी डेनियल को मुंह बंद रखने के लिए धन देने के आरोपों से जुडध्े आपराधिक मामले में सुनवाई के लिए मंगलवार को मैनहट्टन की अदालत में आत्मसमर्पण करने पहुंचे थे इससे पहले मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय में उन्हें गिरफ्तार किया गया। अमेरिका के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया है। मामले में सुनवाई के बाद ट्रंप फ्लोरिडा स्थित मार-ए-लागो में अपने आवास पहुंचे, जहां उन्होंने अपने समर्थकों से कहा, ''मेरा एकमात्र अपराध यह है कि मैं इस देश को नष्ट करने की मंशा रखने वाले लोगों से हमारे देश की निडरता से रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा, ''अविश्वसनीय रूप से, हम अब एक असफल राष्ट्र हैं। हमारे देश का पतन हो रहा है और अब ये कट्टर वामपंथी मूर्ख कानून प्रवर्तन का इस्तेमाल कर हमारे चुनावों में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। उन्होंने 25 मिनट के अपने भाषण में कहा, ''हमारा देश नरक बन रहा है। उन्होंने राष्ट्रपति कार्यालय से अपने बाहर जाने के बाद के समय को ''हमारे देश के इतिहास में अपने शर्मनाक समय करार दिया। ट्रंप ने कहा, ''जो कुछ भी कहा जा रहा है और हमारे प्रिय देश पर जो काले घने बादल मंडरा रहे हैं, उसके बावजूद मुझे इस बात को लेकर कोई शक नहीं है कि हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे। उन्होंने न्यूयॉर्क की ग्रैंड जूरी को उनके खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने के लिए सहमत करने में अहम भूमिका निभाने वाले मैनहट्टन जिले के अटॉर्नी एल्विन ब्रैग की भी आलोचना की। उन्होंने ब्रैग पर ग्रैंड जूरी के दस्तावेज आम लोगों में लीक करने का भी आरोप लगाया। ट्रंप ने उन पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह ''फर्जी मामले में जांच का सामना कर रहे हैं।

# अनिल अंबानी का अदालत से मिली राहत

## जारी रहेगी काला धन कानून के तहत भेजे गए नोटिस पर रोक




एजेंसी, मुंबई । आयकर विभाग द्वारा काला धन अधिनियम के तहत उद्योगपति अनिल अंबानी को भेजे गए कारण बताओ नोटिस पर और जुर्माने की मांग पर अस्थायी रोक को बंबई उच्च न्यायालय ने अगला आदेश तक आगे बढा दिया है। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और नीला गोखले की खंडपीठ ने नोटिस और जुर्माने को चुनौती देने वाली अंबानी की याचिका की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को तय करते हुए आयकर विभाग को जवाब दाखिल करने के लिए समय दे दिया है। उच्च न्यायालय ने सितंबर, 2022 में कारण बताओ नोटिस पर लंबित सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसी साल मार्च में अंबानी के वकील रफीक दादा ने अदालत को बताया कि विभाग ने बाद में उनके मुवक्किल को जुर्माने की मांग वाला नोटिस भी भेज दिया। इसके बाद अदालत ने मांग वाले नोटिस पर भी अंतरिम रोक लगा दी। बुधवार को सुनवाई शुरू होने के बाद आयकर विभाग की तरफ से पहुंचे अधिवक्ता अखिलेश्वर शर्मा ने संशोधित याचिका के जवाब में 'व्यापक हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा था। शर्मा ने कहा, कुछ और प्रतिवादी जोडते और कुछ नए दस्तावेज संलग्न करते हुए याचिका को संशोधित किया गया है। विभाग व्यापक हलफनामा दाखिल करने के लिए समय की मांग करता है। अदालत ने 21 अप्रैल तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दे दिया है। याचिका को सुनवाई के लिए 28 अप्रैल को सूचीबद्ध किया गया है। आयकर विभाग ने आठ अगस्त, 2022 को अनिल अंबानी को कथित रूप से दो स्विस बैंक खातों में रखे गए 814 करोड रुपए से अधिक के अघोषित धन पर कर में 420 करोड रुपए की कथित चोरी के लिए नोटिस जारी किया था।

# विदेश व्यापार नीति से कारोबारी भावना को बढावा मिलेगा : उद्योग निकाय



एजेंसी, कोलकाता हाल में घोषित विदेश व्यापार नीति-2023 से कारोबारी भावना को बढावा मिलेगा और निर्यात में अग्रणी बनने के भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। प्रमुख उद्योग निकायों ने यह बात कही। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की निर्यात और आयात पर राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन संजय बुधिया ने कहा कि नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) में निर्यात प्रदर्शन सीमा में कमी से निर्यातकों के लिए लेनदेन लागत कम होगी। उन्होंने कहा कि नीति में लेनदेन की लागत को कम करने पर जोर दिया गया है, जिससे एमएसएमई को बढावा मिलेगा और भारतीय रुपये का अंतरराष्ट्रीयकरण भी होगा। बुधिया ने कहा कि मुकदमों को कम करने के लिए निर्यात दायित्व (ईओ) में चूक के लिए एकमुश्त आम माफी योजना की शुरुआत एक स्वागतयोग्य कदम है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के चेयरमैन अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि एफटीपी व्यावहारिक और सकारात्मक है। इससे एमएसएमई को वैश्विक मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनने में मदद मिलेगी और माल तथा सेवाओं के निर्यात को बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि नीति ई-कॉमर्स और हरित ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित करती है, जिनमें निर्यात की बडघे संभावनाएं हैं।

# बीते वित्त वर्ष में केरल के सबसे ज्यादा उत्पादों को मिला जीआई का दर्जा




एजेंसी, चेन्नई देश में 2022-23 के दौरान सबसे अधिक संख्या में उत्पादों के लिए भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा पाने वाले राज्यों में केरल शीर्ष पर रहा है। जीआई रजिस्ट्री के जारी आंकडघें से यह जानकारी मिली ।रजिस्ट्री के आंकडों के मुताबिक, केरल के अट्टापडी अटुकोम्बु अवारा (बीन्स), अट्टापडी थुवारा (अरहर), ओनाटुकारा एलु (तिल), कंथलूर-वट्टवडा वेलुथुल्ली (लहसुन) और कोडुंगलूर पोट्टुवेलारी (स्नैप तरबूज) को जीआई दर्जा दिया गया है ।केरल के इन छह उत्पादों के अलावा बिहार के मिथिला मखाना, महाराष्ट्र में अलीबाग के सफेद प्याज, तंदूर लाल चना, लद्दाख की रक्तसे कारपो खुबानी, असम के गमोसा (गमछा) को भी जीआई दर्जा दिया गया है। जीआई दर्जा मुख्य रूप से एक विशेष भौगोलिक क्षेत्र में तैयार होने वाले किसी कृषि, प्राकृतिक या विनिर्मित उत्पाद (हस्तशिल्प और औद्योगिक सामान) को दिया जाता है। इनके अलावा स्थानीय स्तर पर बनाई जाने वाली स्पेन की ब्रांडी डे जेरेज और इटली के प्रोवोलोन वालपादान (एक प्रकार का चीज,पनीर) को भी यह दर्जा मिला है। इसी क्रम में अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 के बीच 12 उत्पादों को इसके लिए चुना गया जिनमें से दो उत्पाद विदेशी हैं। इससे पहले, 2021-22 में घरेलू और विदेशी बाजारों से 50 उत्पादों को जीआई का दर्जा दिया गया था जिनमें सर्वाधिक सात उत्पाद उत्तर प्रदेश से थे।

# आम चुनाव की योजना साझा किये जाने की स्थिति में इमरान खान अक्टूबर तक इंतजार करने को तैयार



एजेंसी, इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि यदि पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) नीत गठबंधन सरकार निष्पक्ष आम चुनाव कराने के लिए उनके साथ कोई योजना साझा करती है तो वह अक्टूबर तक इंतजार करने के लिए तैयार हैं। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान संसद में अपने खिलाफ एक अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से शीघ्र राष्ट्रीय चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग अक्टूबर तक आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। क्रिकेट खिलाडी से राजनीतिक नेता बने खान ने कहा कि वह चुनावों के लिए अक्टूबर तक इंतजार करने को तैयार हैं, हालांकि उनका फैसला पीडीएम नीत गठबंधन सरकार की इच्छा पर निर्भर करता है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि गठबंधन सरकार उनके साथ कोई 'रोडमैप' साझा कर यह सुनिश्चित करती है कि हर चीज व्यवस्थित रूप से होगी, तब वह चुनावों के लिए अक्टूबर तक इंतजार कर सकते हैं। वीडियो लिंक के जरिये अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए खान ने पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के आदेश को निरस्त करने और 14 मई को पंजाब विधानसभा चुनाव कराने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना की। शीर्ष न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने राजनीतिक महत्व रखने वाले इस राज्य में चुनावों के लिए 14 मई की तारीख तय की है। खान ने संभवत: पूर्व प्रधानमंत्री एवं पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ की ओर इशारा करते हुए कहा, ''मौजूदा सरकार चुनावों से बचने के लिए हर तरकीब का इस्तेमाल कर रही है, जो लंदन योजना का हिस्सा है।''पिछले साल नवंबर में अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले के बाद से खान 'लंदन योजना' का जिक्र करते रहे हैं। उनके मुताबिक, इसमें उनकी हत्या की साजिश और एक नियुक्ति पर सहमत होने के बदले 'भगोडे' नवाज शरीफ की सत्ता में वापसी के वादे करना शामिल है। पाकिस्तान में पिछला आम चुनाव जुलाई 2018 में हुआ था और पाकिस्तान की मौजूदा नेशनल असेंबली का कार्यकाल अक्टूबर 2023 तक है।

## भोजपुरी क्वीन संभावना सेठ ने खुद का कर लिया ऐसा हाल, मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाती दिखी एक्ट्रेस




बॉलीवुड इंडस्ट्री एक ऐसी इंडस्ट्री जहां रातों–रात आप आसमान को छू सकते और उसी रात आप जमीन पर भी गिर सकते हैं। दरअसल इस तरह की बातें हम इसलिए कर रहे है क्यों की ऐसा ही कुछ हालत भोजपुरी इंडस्ट्री की जानी–मानी एक्ट्रेस संभावना सेठ की देखने को मिल रही हैं। जहां एक्ट्रेस भले ही अब फि ल्मों और सीरियल से दूर हो गयी है। लेकिन एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। जहां वो अपने फैंस को अपने पल–पल का अपडेट देती रहती हैं। ऐसे में अब संभावना की एक और वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रही हैं। इन दिनों संभावना सेठ का एक वीडियो यूट्यूब पर खूब ट्रेंड कर रहा है। ऐसे में हाल ही में संभावना सेठ ने अपनी लेटेस्ट वीडियो अपलोड की हैं। जो अब तेजी से वायरल हो हैं। दरअसल संभावना सेठ का एक वीडियो यूट्यूब पर खूब ट्रेंड कर रहा है जिसमें वह गाय का दूध निकालती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में सिर पर पल्लू डाले हुए एक्ट्रेस कभी चूल्हे पर रोटी बनाती नजर आ रही हैं तो कभी वह सभी परिवार वालों के साथ गाय का दूध निकालती दिख रही हैं। पति और अपने सास–ससुर के साथ संभावना सेठ गोरखपुर आई थी ऐसे में उन्होंने अपने सभी दर्शकों को अपने गांव वालों से भी मिलवाया। बता दे की संभावना सेठ ने भोजपुरी सिनेमा को एक से एक सुपरहिट गाने। संभावना सेठ ने छोटे परदे का फे मस रियलिटी शो बिग बॉस में भी अपना खूब दमखम दिखाया था। जहां शो में दर्शकों को संभावना का गेम भी काफ ी पसंद आया था। संभावना सेठ को आइटम क्वीन कहा जाता था लेकिन अचानक संभावना सेठ बड़े पर्दे से दूर होती चली गईं। संभावना सेठ ने अपने असफ ल करियर का जिम्मेदार भोजपुरी सिनेमा की लीड एक्ट्रेस को बताया था। संभावना सेठ का कहना था कि इन एक्ट्रेसेज की वजह से उन्हें भोजपुरी फिल्मों में काम मिलना बंद हो गया क्योंकि वह फिल्मों में आइटम सॉन्ग भी कर लिया करती थीं। वही अब संभावना सेठ का यह बहू वाला अवतार दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। साथ ही फैंस अब इसपर जमकर प्यार बरसाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

››› बॉलीवुड ‹‹‹

## तुमने 2 शादी की तुम्हारी बेटी 5 बार शादी करेगी श्वेता तिवारी को हर रोज सुनने पड़ते हैं लोगों के ताने


टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने हर किरदार में जान फूंकने के लिए जानी जाती हैं। जब वो कसौटी में प्रेरणा बनकर सामने आई थीं तो लोग अपना दिल हार बैठे थे। शो खत्म होने के सालों बाद भी फैंस एक्ट्रेस को इसी नाम से बुलाते हैं। मगर अपनी प्रोफे शनल लाइफ में एक्ट्रेस जितनी कामयाब हैं पर्सनल लाइफ में श्वेता उससे कहीं ज्यादा मुश्किल दौर का सामना कर चुकी हैं। श्वेता तिवारी ने 1998 में भोजपुरी एक्टर राजा चौधरी से शादी की थी, लेकिन 2007 में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद श्वेता ने 2013 में अभिनव कोहली संग दुबारा शादी रचाई, मगर ये रिश्ता भी लम्बे समय तक टिक नहीं सका और 2016 में एक बार फि र श्वेता का तलाक हो गया। ऐसे में आए दिन एक्ट्रेस को लोगों की जाली–कटी बातें सुनने पड़ती है। हर दूसरा शख्स सोशल मीडिया पर श्वेता तिवारी को ट्रोल करता नजर आता है। इतना ही नहीं लोग श्वेता के साथ–साथ उनकी बेटी पलक तिवारी को भी ट्रोल करने का एक भी मौका अपने हाथ से जाने नहीं देते। वहीं, ऑनलाइन मुफ्त का ज्ञान बांटने और सलाह देने वालों की भी कोई कमी नहीं है। हाल ही में श्वेता तिवारी ने रिवील किया है कि किसी ने उन्हें तीसरी शादी ना करने की हिदायत दी है। इन सभी ट्रोलर्स को जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा, आप 10 साल लिव–इन रिलेशनशिप में रहें और छोड़ दें, कोई आपसे सवाल नहीं करेगा। लेकिन अगर आप 2 साल बाद शादी से वॉक आउट करते हैं, तो हर कोई कहेगा, वो कितनी बार शादी करेगी? लोग मेरे पास आते हैं और कहते हैं श्तीसरी शादी मत करना। क्या मैंने उनसे पूछा? वे हैं कौन? क्या वो मेरी शादी के लिए पैसा दे रहे हैं? ये मेरा फै सला है। ये मेरा जिंदगी है। श्वेता ने आगे कहा, इंस्टाग्राम पर लोग मुझे बताते हैं कि मैंने 2 बार शादी की है और मेरी बेटी 5 बार शादी करेगी। लेकिन शायद वो बिल्कुल भी शादी नहीं करेगी। उसने जो कुछ भी देखा है, शायद वो नहीं करेगी। शायद उसने जो देखा है उसकी वजह से वो बुद्धिमानी से चुनाव करेगी।





## क्या फिर खाकी वर्दी पहने हाथ में पिस्तौल लिए दिखने वाली है रानी मुखर्जी, मर्दानी 3 को लेकर दिया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड में कुछ फिल्में ऐसी भी है जिनके सीक्वल को भी लोग उतना ही प्यार देते है जितना की उसके ओरिजिनल को। साथ ही उस फि ल्म के पार्ट्स का फैंस बेसब्री से इंतजार भी करते हैं। ऐसे में अब बॉलीवुड की मोस्ट टैलेंटेड एक्ट्रेस कही जाने वाली रानी मुखर्जी एक बार फि र से सुर्खियों में आ गयी हैं। दरअसल रानी भले ही बॉलीवुड में कम फि ल्में करती हैं। लेकिन एक्ट्रेस उन्ही चुनिंदा फिल्मों में अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लेती है। ऐसे में आपको रानी मुखर्जी की मर्दानी तो याद ही होगी। अगर याद है तो अब उस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा हैं। बता दे की मर्दानी में रानी मुखर्जी ने पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में उनके हटके किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा और मूवी फ्रेंचाइजी को काफी अच्छे रिस्पांस भी मिले थे। वहीं, अब



अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में रानी ने मर्दानी 3 पर बात की है। दरअसल, एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह फिर से पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाना पसंद करेंगी। तो इस पर रानी ने कहा जरूर लेकिन उसके लिए आकर्षक कहानी होनी चाहिए। रानी मुखर्जी ने मर्दानी फ्रेंचाइजी को लेकर कहा, श्हां, मैं वास्तव में वापस से शिवानी शिवाजी रॉय का रोल निभाना चाहती हूं। लेकिन यह सब स्टोरीलाइन और स्क्रिप्ट पर निर्भर करता है और अगर हमें तीसरी किस्त के साथ जाने के लिए एक बहुत ही दिलचस्प कहानी मिलती है, तो मुझे लगता है कि शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापस आना एक्साइटिंग होगा क्योंकि मुझे भी इस रोल को निभाने में बहुत मजा आता है। वही रानी मुखर्जी ने स्क्रिप्ट के चयन पर अपनी बात रखते हुए कहा, मुझे लगता है। मैं दुनिया भर के सिनेमाघरों को देखती हूं– क्या आ रहा है और लोग किस तरह का काम कर रहे हैं। हमेशा उन फि ल्मों और कहानियों से जुड़ना चाहूंगी जो मुझे लगता है कि लोगों को पता होनी चाहिए। यह मेरा मानना है और यह बार–बार नहीं आता है। समय लगता है। इसलिए जितना समय मैं अपनी अगली फि ल्म के लिए निर्णय लेने में लेती हूं, उतना ही समय किसी को कहानी के साथ आने में भी लगता है। वही अब मर्दानी 3 की खबर सुन फैंस की एक्साइटमेंट काफ ी ज्यादा बढ़ गयी हैं। साथ ही फैंस अब फि ल्म के रिलीज का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

››› बॉलीवुड ‹‹‹

## पारस छाबड़ा के प्यार में डूबी ये पाकिस्तानी एक्ट्रेस, एक्टर का रिएक्शन देख क्या टूट जाएगा माहिरा का दिल

भारत और पाकिस्तान के स्टार्स के बीच गहरा रिश्ता रहा है और आज भी वो बरकरार है। अक्सर सितारे पड़ोसी मुल्क के स्टार्स के साथ काम करने की इच्छा जाहिर करते रहते हैं। पड़ोसी मुल्क के स्टार्स की तारीफों के कसीदें पढ़ने हो या फिर उन्हें अपना कर्श हो। आए दिन ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं, एक बार फिर पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने इंडियन टीवी एक्टर को अपना क्रश बताया है। ये खबर पूरे इंटरनेट पर सुर्खियां बटोर रही है। जी हां पाकिस्तानी एक्ट्रेस मिनाहिल मलिक ने बिग बॉस 13 फे म पारस छाबड़ा का अपना क्रश बताया है। पारस छाबड़ा टीवी इंडस्ट्री के मशहूर एक्टर हैं और बिग बॉस 13 के बाद से उनकी पॉपुलैरिटी काफ ी बढ़ गई है। वहीं, मिनाहिल मलिक भी पाकिस्तान की पॉपुलर टिकटॉकर, इंफ्लुएंसर और एक्ट्रेस हैं। ऐसे में जब से उन्होंने पारस को अपना क्रश बताया है तब से वो चर्चा में बनी हुई हैं। दरअसल, मिनाहिल मलिक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। उस वीडियो में देख सकते है कि फोन में पारस का वीडियो चल रहा है और मिनाहिल एक्टर को बड़े प्यार से निहार रही हैं और वो उन्हें देखकर अपने दिल पर भी काबू नहीं कर पाती हैं। वीडियो में वो एक्टर की यादों में खोई हुई हैं और बैकग्राउंड में 'रंग लगया' गाना बज रहा है। अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए मिनाहिल ने कैप्शन में लिखा, 'रंग लगया'। इससे भी ज्यादा दिलचस्प बात ये है कि पाक एक्ट्रेस की इस वीडियो एक्टर पारस छाबड़ा ने खुद रिएक्ट किया है। इस वीडियो पर कॉमेंट कर एक्टर ने लिखा, यह बहुत ज्यादा खूबसूरत है। इसी के साथ उन्होंने हार्ट इमोजी भी ड्रॉप किया है। बिग बॉस–13 में पारस छाबड़ा के गेम को लोगों ने काफी पसंद किया था। शो के दौरान पारस की नजदीकियां एक्ट्रेस माहिरा के साथ देखने को मिली थी। शो के बाद भी अक्सर दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया जाता है।



## सिल्वर शिमरी ड्रेस में नजर आई काजोल की दुलारी नीसा देवगन

### फैंस ने कमेंट कर कहा-डीडीएलजे 2 में आर्यन के साथ लॉन्च की तैयारी



बॉलीवुड के बेस्ट एक्टर्स और साथ ही अपनी जोड़ी के चलते सबके चहीते काजोल और अजय देवगन की बेटी नीसा देवगन भी काफी सुर्खियों में बनी रहती हैं। अपने लुक्स और पार्टीज को लेकर अक्सर सोशल मीडिया पर छाई रहने वाली नीसा हाल ही में नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर के उद्घाटन में भी स्पॉट की गई। नीसा ने अपने स्टाइलिश लुक्स और अदाओ से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया जिसके चलते अब फैंस उन्हें लेकर कई बात करते नजर आ रहे हैं। इस इवेंट के लिए नीसा काफी सज–धजकर पहुंची थीं उनका लुक अबतक के सभी लुक्स से काफी डिफ रेंट नजर आया। उन्होंने सिल्वर फे दर से बना एक मरमेड गाउन पहना हुआ था, जो दिखने में काफी ग्लैमरस लग रहा था। नीसा ने दुपट्टे को इस तरह कंधों पर डाला हुआ था जो उनको एकदम प्रिंसेस जैसा लुक दे रहा था और सबकी नजरे बस उन्ही पर थमी रह गई। एक ओर डीप नेक और साइट कट गाउन में नीसा काफी गॉर्जियस लग रही थीं। तो वही उन्होंने बीच की मांग और ओपन हेयर स्टाइल के साथ माथा पट्टी से आने लुक को कम्प्लीट किये हुआ था। नीसा के लुक में चार–चांद लग रहे थे जब वह इस फंक्शन में पहुंची। एक्ट्रेस ने इसके साथ न्यूड मेकअप और नो ज्वैलरी लुक कैरी किया था। पार्टी में नीसा ने मां काजोल के साथ जमकर पोज दिए। तो वही उनकी माँ काजोल ने इस इवेंट में व्हाइट एम्ब्रॉइडरी वाला सूट पहना हुआ था जिसमें वो बेहद ग्लैमस लग रही थीं। वहीं, बेटी नीसा सिल्वर शिमरी आउटफिट में स्टनिंग दिखाई दे रही थी।

स्टार एक्सप्रेस स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी–18, सेक्टर–सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादकः नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK